
❝ सुविचार

कड़वा सत्य इतनी जल्दी दुनिया की कोई चीज नहीं बदलती जितनी जल्दी इंसान की नजरें और नियत बदल जाती हैं।

# दैनिक संयुक्त लहर

हिन्दी समाचार पत्र

RNI No. MPHIN/2023/90392




वर्ष : 03, अंक 232 | dainiksanyuktlaher@gmail.com | इंदौर, मंगलवार, दिनांक 12 मई 2026 | #DSL.indore | पृष्ठ : 8 मूल्य : रु.3

ऑनलाइन अख़बार और ख़बरों के लिये बारकोड स्कैन करे

### प्रदेश ने चीतों को अनुकूल वातावरण उपलब्ध कराकर बनाया परिवार का हिस्सा : मुख्यमंत्री डॉ.यादव

# कूनो नेशनल पार्क के जंगल में विमुक्त किए 2 मादा चीते

**भोपाल। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि मध्यप्रदेश की धरती ने चीतों को अनुकूल वातावरण उपलब्ध कराकर उन्हें पुनर्स्थापित करने का महत्वपूर्ण कार्य कर अपने परिवार का हिस्सा बनाया है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने लगभग साढ़े तीन वर्ष पहले कूनो में चीता प्रोजेक्ट की शुरुआत की थी। आज देश में चीता पुनर्स्थापना का यह प्रोजेक्ट सफलता के साथ में आयामों की ओर तेजी से बढ़ रहा है। इस महत्वपूर्ण कार्य में मध्यप्रदेश नित नए कीर्तिमान रच रहा है। यह बात उन्होंने श्योपुर जिले के कूनो नेशनल पार्क में 2 मादा चीतों को खुले जंगल में विमुक्त करते हुए कही। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कूनो नदी के किनारे स्थित चीता रिलीज**




**साइट पर सीसीवी -2, सीसीवी -3 चीतों को खुले जंगल में छोड़ा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश धर्म, निवेश एवं जैव विविधता के प्रमुख केंद्र के रूप में उभर रहा है। नाइजीरिया, दक्षिण अफ्रीका और अब बोत्सवाना से लाए गए चीतों के पुनर्स्थापन को निरंतर सफलता मिल रही हैं और आज प्रदेश ने देशभर में चीता स्टेट के रूप में पहचान बनाई है। वर्तमान में चीतों की संख्या 57 है, जिनमें से 54 कूनो नेशनल पार्क में और 03 गांधी सागर अभ्यारण्य में है। इस अवसर पर नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा मंत्री श्री राकेश शुक्ला, मध्यप्रदेश वन विकास निगम के अध्यक्ष श्री रामनिवास रावत, सहरिया विकास प्राधिकरण की अध्यक्ष श्रीमती गुड्डी बाई आदिवासी, श्री शशांक भूषण, श्री राघवेन्द्र जाट, श्री सुमित सिंघल, श्री शुभम मुदगल, श्री बाबू सिंह यादव, श्री कौशल गोयल आदि जनप्रतिनिधि मौजूद रहे। पीसीसीएफ श्रीमती समिता राजौरा, डीआईजी श्री संजय कुमार जैन, कलेक्टर सुश्री शीला दाहिमा, पुलिस अधीक्षक श्री सुधीर कुमार अग्रवाल, डीएफओ कुनो श्री आर थिरूकुराल, सामान्य श्री केएस रंधा, सीईओ जिला पंचायत श्रीमती सौम्या आनंद, एडीएम श्री रूपेश उपाध्याय, एडिशनल एसपी श्री प्रवीण भूरिया सहित अन्य अधिकारी भी कार्यक्रम स्थल पर उपस्थित थे।**

## पोकरण परमाणु परीक्षण पर मोदी बोले- दुनिया हिल गई थी



**जामनगर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सोमवार को गुजरात के सोमनाथ मंदिर में प्राण-प्रतिष्ठा के 75 साल पूरे होने के मौके पर कार्यक्रम में शामिल हुए। उन्होंने कहा- आज का दिन एक और वजह से भी खास है। आज के ही दिन 11 मई 1998 को देश ने पोकरण में परमाणु परीक्षण किया था। तब दुनिया भर की शक्तियां भारत को दबोचने मैदान में उतर गई थीं। कहा- भारत के लिए सारे रास्ते बंद कर दिए गए थे। लेकिन हम डरे नहीं, डटे रहे। भारत ने पोकरण परमाणु परीक्षण को ऑपरेशन शक्ति नाम दिया था। क्योंकि शिव के साथ शक्ति आराधना ही हमारी परंपरा रही है। मैं भगवान सोमनाथ के चरणों में नमन करते हुए ऑपरेशन शक्ति की बधाई देता हूं। सोमनाथ हमें याद दिलाता है कि कोई भी राष्ट्र तब तक मजबूत नहीं बन सकता, जब तक वह अपनी जड़ों से जुड़ा न रहे। भारत में विरासत और आधुनिकता एक-दूसरे से अलग नहीं हैं, दोनों साथ-साथ चलते हैं। हमारे देश में सांस्कृतिक और पवित्र स्थलों के पुनर्निर्माण को लेकर काफी राजनीति हुई है। दुर्भाग्य से आज भी ऐसी ताकतें हैं, जो राष्ट्रीय स्वाभिमान से ज्यादा तुष्टिकरण को महत्व देती हैं। लुटेरों ने सोमनाथ मंदिर की भव्यता मिटाने की कोशिश की। इस मंदिर को बार-बार तोड़ा गया, लेकिन हर बार इसका पुनर्निर्माण हुआ। दुनिया की कोई ताकत भारत को झुका नहीं सकती और न ही दबा सकती है। 11 मई 1998 को अटल बिहारी वाजपेयी की सरकार में भारत ने अपना दूसरा परमाणु परीक्षण किया था। यह काफी गोपनीय ऑपरेशन था। इसकी तैयारियां इतनी गुप्त थीं कि विदेशी खुफिया एजेंसियों को इसकी भनक तक नहीं लगी। इन परीक्षणों के जरिए भारत ने दुनिया को अपनी रणनीतिक और वैज्ञानिक ताकत दिखाई। जापान और कुछ पश्चिमी देशों ने भारत पर कई आर्थिक और तकनीकी प्रतिबंध लगाए थे।

## न्यूज ब्रीफ

### आनंद विहार बस टर्मिनल के सौंदर्यीकरण-पुनर्विकास के लिए विशेष टास्क फोर्स बनी

दिल्ली हाईकोर्ट ने आनंद विहार बस टर्मिनल के सौंदर्यीकरण और पुनर्विकास के लिए एक विशेष टास्क फोर्स बनाई है। कोर्ट ने 26 मई तक प्लान पेश करने को कहा और पुलिस को अवैध वेंडिंग रोकने के निर्देश दिए। टास्क फोर्स में कई विभागों के अधिकारी शामिल होंगे और 20 मई को पहली बैठक होगी।

### गुजरात के आणंद में टेंपो ट्रक से टकराया, 4 की मौत; 5 घायल

गुजरात के आणंद जिले में सोमवार सुबह एक बड़ा सड़क हादसा हो गया। टेंपो के ट्रक से टकराने से चार लोगों की मौत हो गई, जबकि पांच अन्य घायल हो गए। हादसा तारापुर-बगोदरा स्टेट हाईवे पर हुआ। पुलिस के मुताबिक, टेंपो सड़क किनारे खड़े ट्रक के पिछले हिस्से से जा टकराया। मृतकों में एक 5 साल का बच्चा, दो महिलाएं और एक पुरुष शामिल हैं। तारापुर पुलिस स्टेशन के इंस्पेक्टर मयूर शर्मा ने बताया कि चारों की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस के अनुसार, टेंपो में सवार लोग दाहोद से मजदूरी करने के लिए जा रहे थे। हादसे में घायल हुए लोगों को इलाज के लिए तारापुर सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

### भारतीय सेना को दो स्वदेशी कॉम्बैट सिस्टम मिले, एलपीजीएम हथियार हर मौसम में दुश्मन के ठिकानों को खत्म करेगा


भारतीय सेना ने दो नए स्वदेशी कॉम्बैट सिस्टम, को अपने हथियारों में शामिल किया है। हैदराबाद में एक कार्यक्रम में इन्हें सेना को सौंपा गया। इन हथियारों का पहाड़ी इलाकों और इलेक्ट्रॉनिक वॉरफेयर जैसी परिस्थितियों में सफल टेस्ट किया जा चुका है। ये सिस्टम पूरी तरह से मेड इन इंडिया हैं। इनमें शामिल हथियार को ड्रोन से लॉन्च किया जाता है और यह दिन-रात व हर मौसम में दुश्मन के ठिकानों को तबाह करने में सक्षम है। वहीं, भारत का पहला 'कामिकेज़' (आत्मघाती) ड्रोन है, जिसे शहरी इलाकों और कम जगह वाली जगहों पर सटीक हमले के लिए बनाया गया है।

### कोलकाता में नगर पालिका भर्ती घोटाले में पूर्व मंत्री सुजीत बोस ईडी के सामने पेश हुए

पश्चिम बंगाल के पूर्व मंत्री और नेता सुजीत बोस सोमवार को साउथ दम-दम नगर पालिका भर्ती घोटाले में के सामने पेश हुए। वह सुबह करीब 10:30 बजे अपने बेटे समुद्र बोस के साथ सॉल्ट लेक स्थित कॉम्प्लेक्स पहुंचे। उन्होंने चुनाव प्रचार का हवाला देकर हाईकोर्ट से पेशी में छूट देने की मांग की थी। इनके और इनके बेटे के ठिकानों पर दो बार छापेमारी कर कई अहम दस्तावेज जब्त किए हैं।

## बंगाल- मंत्रियों को विभाग बांटे : निषिथ को युवा कल्याण, अग्निमित्रा को महिला विकास मंत्रालय

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल में भाजपा की नई सरकार की पहली प्रशासनिक बैठक हुई। पार्टी विधायक गौरिशंकर घोष के मुताबिक आज विभागों का बंटवारा हुआ है। हालांकि पार्टी ने आधिकारिक पुष्टि नहीं की है। घोष के मुताबिक निषिथ प्रमाणिक को उत्तर बंगाल विकास, खेल और युवा कल्याण मंत्रालय सौंपा गया है। दिलीप घोष को पंचायत और ग्रामीण विकास, पशु संसाधन विकास मंत्री बनाया गया है। अशोक कीर्तनिया को खाद्य मंत्रालय, क्षुदिराम टुडु को



जनजातीय विकास और पर्यटन मंत्रालय की जिम्मेदारी दी गई है। अग्निमित्रा पॉल को महिला एवं बाल कल्याण और अर्बन डेवलपमेंट मंत्रालय सौंपा गया है।

### हाईकोर्ट में पेंडिंग जमानत याचिकाओं पर सुप्रीम कोर्ट चिंतित

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को देश के अलग-अलग हाईकोर्ट में जमानत याचिकाओं की बढ़ती संख्या पर चिंता जताई। कोर्ट ने कहा कि जमानत मामलों की जल्दी सुनवाई और फैसला करने के लिए मजबूत व्यवस्था बनानी जरूरी है। चीफ जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमाल्या बागची की बेंच ने कहा कि इसके लिए पेंडिंग बेल याचिकाओं की ऑटोमैटिक लिस्टिंग का सिस्टम तैयार किया जाए और मामलों के निपटारे की तय समय सीमा भी होनी चाहिए।जिससे जमानत मामलों का समय पर फैसला हो सके।

## हिमाचल में सड़क हादसा, 6 लोगों की मौत


**भरमौर।** हिमाचल प्रदेश के चंबा-नूरपुर नेशनल हाईवे पर आज (सोमवार को) सुबह सड़क हादसे में 6 लोगों की मौत हो गई। इनमें 5 लोग गुजरात के रहने वाले हैं, जबकि एक हिमाचल का ड्राइवर था। वहीं, चार लोग गंभीर रूप से घायल हैं। घायलों को टांडा मेडिकल कॉलेज कांगड़ा रेफर किया गया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार, दुर्घटनाग्रस्त इनोवा क्रिस्टा गाड़ी में गुजरात के टूरिस्ट सवार थे। ये लोग मनाली से चंबा के डलहौजी घूमने जा रहे थे। हादसे के वक्त क्षेत्र में भारी बारिश



हो रही थी। गाड़ी में ड्राइवर समेत कुल 10 लोग सवार थे। चंबा के विजय कुमार सकलानी ने बताया कि हादसे में 6 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि 4 लोगों को हेड-इंजिरी है। पुलिस ने सभी शवों को खाई से निकाल कर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। उउन्होंने बताया कि हादसे के कारणों का अभी पता नहीं चल पाया है। जहां हादसा हुआ है, वहां मिट्टी चिकनी है। बारिश से मिट्टी स्लिपरी हो जाती है। इसलिए, संभावना है कि भारी बारिश के दौरान गाड़ी अनियंत्रित होकर गिरी हो।

## काशी में जम्मू-तवी एक्सप्रेस में यात्री की हत्या बाथरूम से निकलते ही सिर में गोली मारी

**वाराणसी।** वाराणसी में जम्मू-तवी एक्सप्रेस ट्रेन के एक यात्री की गोली मारकर हत्या कर दी गई। रविवार रात 2 बजे बाथरूम से निकलते ही बदमाशों ने उसके सिर में गोली मार दी। गोली की आवाज सुनते ही



यात्रियों में अफरा-तफरी मच गई। यात्रियों ने तुरंत रेलवे पुलिस को सूचना दी। इसी बीच ट्रेन की रफ्तार धीमी हुई और हमलावर ट्रेन से कूदकर फरार हो गए। घटना मुगलसराय रेलवे स्टेशन से करीब 3 किमी पहले ब्लॉक हट-बी के पास हुई। मृतक दिनेश साहू (42) बिहार के गया जिले के रहने वाले थे। वह परिवार के साथ सीतापुर के नैमिषारण्य जा रहे थे। ट्रेन में दो दिन में हत्या की यह दूसरी वारदात है। इससे पहले रविवार को पैसेंजर ट्रेन में गाजीपुर के रहने वाले एक युवक की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। दिनेश अपनी पत्नी के साथ कोच स-2 में थे। जबकि उनके रिश्तेदार जनरल बोगी में सफर कर रहे थे।

## राहुल बोले- देश चलाना मोदी के बस की बात नहीं

### सोना न खरीदें, विदेश न जाएं जैसी 7 अपीलें उपदेश नहीं

**नई दिल्ली।** राहुल गांधी ने सोमवार को पश्चिम एशिया में चल रहे संकट से निपटने के लिए पीएम नरेंद्र मोदी की हालिया 'सात अपीलों' पर पलटवार किया। उन्होंने इसे नाकामी करार दिया। कहा कि अब देश चलाना प्रधानमंत्री के बस में नहीं रह गया है। एक पोस्ट में राहुल ने लिखा, 'कल मोदी जी ने जनता से त्याग मांगा। सोना मत खरीदो, विदेश मत जाओ, पेट्रोल कम इस्तेमाल करो, खाद और खाने के तेल का उपयोग घटाओ, मेट्रो से चलो, घर



से काम करो। ये उपदेश नहीं हैं। ये विफलता हैं।' उन्होंने कहा, '12 साल में देश को इस मुकाम पर ला दिया है कि जनता को बताना पड़ रहा है। क्या खरीदें, क्या नहीं। कहां जाए, कहां नहीं।' दरअसल, रविवार को सिकंदराबाद में एक जनसभा में पीएम मोदी ने आयात पर निर्भरता कम करने की जरूरत पर जोर दिया था, ताकि विदेशी मुद्रा की बचत और पर्यावरण की रक्षा हो सके। पीएम मोदी रविवार को कहा था, 'आज के समय में पेट्रोल, गैस और डीजल का इस्तेमाल कम करना होगा। पड़ोस में चल रहे युद्ध के असर से दुनियाभर में पेट्रोल-डीजल के दाम कई गुना बढ़ गए हैं। भारत पर इस वैश्विक संकट का असर ज्यादा है, हमारे पास तेल के बड़े कुएं नहीं हैं।' अनावश्यक वाहन उपयोग कम करें।

## बीएसएफ को बांग्लादेश बॉर्डर फेंसिंग के लिए जमीन मिलेगी

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री सुवेंदु अधिकारी ने भारत-बांग्लादेश बॉर्डर पर फेंसिंग के लिए जमीन देने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि अवैध घुसपैठ से निपटने के लिए 45 दिन के भीतर यह जमीन गृह मंत्रालय को सौंप दी जाएगी। हावड़ा के नाबन्ना में नवनिर्वाचित सरकार की पहली कैबिनेट बैठक हुई। अधिकारी ने कहा कि यह फैसला बैठक में लिए गए मुख्य प्रस्तावों में से एक था। राज्य में अब लागू करने की आधिकारिक मंजूरी दे दी गई है। केंद्र सरकार की आयुष्मान भारत और जन आरोग्य योजना भी पश्चिम बंगाल में भी लागू की जाएंगी। पहली कैबिनेट बैठक में मंत्री दिलीप घोष, अग्निमित्रा पॉल, निषिथ प्रमाणिक, क्षुदीराम और अशोक कीर्तनिया मौजूद थे। अभी तक मंत्रियों को विभाग नहीं बांटे गए हैं। बंगाल अधिकारी को हावड़ा में नाबन्ना में पदभार ग्रहण करने के बाद 'गार्ड ऑफ ऑनर' दिया गया। राज्य सचिवालय नाबन्ना में सुवेंदु अधिकारी के साथ कैबिनेट के सभी 6 मंत्री भी मौजूद रहे।

## केरलम सीएम का ऐलान जल्द, वेणुगोपाल राहुल की पसंद, कांग्रेस नेता बोले- हमारे यहां मोदी-शाह सारे फैसले लें, ऐसा सिस्टम नहीं

**तिरुवनंतपुरम।** कांग्रेस सांसद राहुल गांधी की केरलम सीएम के लिए पहली पसंद केसी वेणुगोपाल हैं। सूत्रों के मुताबिक, राहुल ने दिल्ली में वेणुगोपाल से अकले में मुलाकात की। ऐसे में पार्टी जल्द ही सीएम चेहरे का ऐलान कर सकती है। वेणुगोपाल फिलहाल अलाप्पुझा लोकसभा सीट से सांसद हैं। कांग्रेस आलाकमान ने केरलम कांग्रेस के




पूर्व अध्यक्षों को दिल्ली बुलाया है। सूत्रों के मुताबिक, पूर्व अध्यक्ष के. सुधाकरण, आज के. मुरलीधरन और मुल्लापल्ली रामचंद्रन आज रात दिल्ली पहुंचेंगे। केरलम के अगले के चुनाव को लेकर चल रही चर्चाओं के बीच कांग्रेस के सीनियर लीडर रमेश चेन्निथला ने भाजपा पर निशाना साधा। चेन्निथला ने कहा- कांग्रेस पार्टी में सीएम का चुनाव लोकतांत्रिक तरीके से होता है। हमारे यहां मोदी-शाह सारे फैसले लें, ऐसा सिस्टम नहीं है। केरलम में चुनावी नतीजे आए 6 दिन हो गए हैं। अभी तक सीएम का ऐलान नहीं हो पाया है। राज्य में 10 साल बाद कांग्रेस की वापसी हुई। कांग्रेस ने 140 में से 63 सीटें जीतीं। 26 सीटों के साथ दूसरे नंबर पकी हार पर सीएम पिनाराई विजयन पद से इस्तीफा दे चुके हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक, बैठक में वीडी सतीशन को महज 6 विधायकों का समर्थन मिला। हालांकि, बैठक के बाद तीन पूर्व प्रदेश अध्यक्षों ने सतीशन के नाम का समर्थन किया है। इसके अलावा छ्स्र के सहयोगी दल और केरलम कांग्रेस (जोसेफ) ने खुले तौर पर सतीशन को समर्थन दिया है।


# पुत्र वधु द्वारा लगाए आरोपों के चलते जीरापुर तहसीलदार के पद, प्रतिष्ठा और परिवार के प्राणों पर संकट


**संयुक्त लहर, प्रतिनिधि**

मुख्य बिंदु 1.23/12/2025 को जुनेद अली और रिम खान की शादी 2.शादी के बाद ही जुनेद अली पर परिवार से अलग होने का दबाव 3.चार माह चली शादी में 17 दिन ही साथ रहे। 4.झूठ प्रकरण में फसाने की धमकी। 5.26/04/2026 को जुनेद अली द्वारा जीरापुर थाने पर रिम ओर उसके परिवार के विरूद्ध आवेदन 6.26/04/2026 को रिम को जबरजस्ती उसके परिवार वाले जीरापुर छोड़कर आए। 7.28/04/2026 को रिम खान ने खुद को कमरे में बंद कर 112 डायल कर पुलिस बुलाई। 8.कमरे में बंद होने के दौरान 360 ग्राम सोना,तीन लाख नगद,एक मोबाइल ओर चेक बुक व अन्य सामान चोरी 9.जुनेद अली और उसके पूरे परिवार पर आफ आई दर्ज । 10.रिम खान और उसके परिवार द्वारा जुनेद अली को परिवार सहित जान से मारने की धमकी। 11.29/04/2026 को पुलिस अधीक्षक राजगढ़ को जुनेद अली द्वारा आवेदन दिया गया।

तहसीलदार शौकत अली को पता नहीं था। की चार माह पूर्व जिस बेटे की शादी में पूरा परिवार नई पुत्रवधू के आने से बहुत खुश था। वही पुत्र वधु उनके और उनके परिवार की प्रतिष्ठा और प्राणों के लिए संकट बन जाएगी। और जिन्हें वह अपना समधि बना रहे हैं। वह परिवार ही उनके खिलाफ षडयंत्र कर उन्हें बर्बाद करने की योजना बना लेगा। तहसीलदार शौकत अली के पुत्र जुनैद अली का निकाह इंदौर की रिम खान से दिनांक 23.12.2025 को इंदौर में पूरे धार्मिक रीति रिवाज से हुआ। उसके बाद 24/12/2025 को जीरापुर में








शानदार भोज का आयोजन किया गया। जिसमें पूरे परिवार और सभी रिश्तेदारों ने नव दंपति को आशीर्वाद दिया। जुनैद अली बताते हैं। कि यह रिश्ता उनके लिए अभिशाप बन गया है। क्योंकि शादी के तुरंत बाद ही रिम खान और उनके भाइयों और पूरे परिवार ने जुनैद पर अपने परिवार से अलग होने का दबाव बनाना शुरू कर दिया था। जिसके चलते चार माह चली शादी में रिम खान और जुनैद मात्र 17 दिन ही साथ रहे।बाकी दिन अलग होने के दबाव के चलते रिम खान जुनेद के साथ नहीं रही। इन 17 दिनों में भी रिम खान और उसके परिवार ने जुनैद और उनके पूरे परिवार को मानसिक रूप से प्रताड़ित किया। हद तो तब हो गई जब प्रताड़ना ने धमकियों का रूप ले लिया। और जुनैद को पूरे व परिवार सहित झूठे प्रकरण में फसाने और जान से मारने की धमकियां मिलने लगी। जिससे परेशान होकर दिनांक 26.4.2026 को जुनैद अली ने थाना जीरापुर में आवेदन कर थाना प्रभारी को इसकी जानकारी दी जुनेद द्वारा आवेदन देने की जानकारी जब रिम ने उसके परिवार को लगी तो उन्होंने रिम को जो अब तक इंदौर में थी। जुनेद अली के घर जीरापुर में छोड़ दिया। ताकि जूठा प्रकरण बनाया जा सके। इसी के बाद दिनांक 28/4/2026 को रिम ने खुद को





कमरे में बंद कर 112 डायल कर पुलिस बुलवा ली। और तहसीलदार शौकत अली उनकी पत्नी शहनाज जो की हार्ट पेशेंट है।पुत्र जुनैद अली वह उनके बेटी और दामाद जो की इंदौर में रहते हैं। उन पर एफआईआर दर्ज करवा दी। एफ आई आर दर्ज होने से जीरापुर थाना प्रभारी की कार्यप्रणाली पर भी प्रश्न खड़े हो रहे हैं। क्योंकि जब जुनेद अली द्वारा उन्हें दो दिन पूर्व ही आवेदन कर उनके साथ षडयंत्र कर झूठ केस में फसाने की जानकारी दे दी गई थी। तो भी तथ्यों की जांच किए बिना उन्होंने किस व्यक्तिगत लाभ के चलतेदर्ज कर ली। आगे जुनैद अली बताते हैं कि हमने अब तक कुछ घटनाओं में लुटेरी दुल्हन के बारे में सुना है पर हमें पता नहीं था कि हमारा सामना लुटेरी दुल्हन के साथ लुटेरे परिवार से भी होगा। क्योंकि जब रिम ने खुद को कमरे में बंद कर लिया था।तब उसने अलमारी में रखा हुआ। 360 ग्राम सोना,तीन लाख रुपए नगद, एक आईफोन 17 प्रो,बैंक की चेक बुक अन्य सामान भी चोरी कर लिया था।और एफ आई आर दर्ज होने बाद वह सभी सामान अपने साथ ले गई। एफ आई आर दर्ज होते ही रिम खान उसके भाई नयले खान,मां शाहिदा,मामू इकबाल खान और अन्य तीन व्यक्ति जो उनके साथ आए थे। उनके द्वारा जुनैद को पूरे परिवार के साथ जान से मारने की धमकी दी गई। जुनैद द्वारा दिनांक 29/04/2026 को पुलिस अधीक्षक राजगढ़ को आवेदन कर इस पूरी घटना की जानकारी दी गई। जिसे पुलिस अधीक्षक महोदय ने पूरे ध्यान से सुना और जुनेद अली और उसके पूरे परिवार को सुरक्षा और न्याय दिलाने का आश्वासन देते हुए निष्पक्ष जांच करने की बात कही।

**यह खबर जुनेद अली द्वारा दी गयी जानकारी ओर प्रमाणों पर आधारित है।**

# बेटमा पुलिस ने दो हत्याओं का किया खुलासा

**संयुक्त लहर, प्रतिनिधि**



श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय इन्दौर ग्रामीण श्रीमान राजेन्द्र कुमार वर्मा के निर्देशन में श्रीमान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री रुपेश द्विवेदी के मार्गदर्शन मे श्रीमान एस.डी.ओ.पी श्री संघ प्रिय सम्राट द्वारा क्षेत्र में गंभीर अपराध में आरोपी की गिरफ्तारी हेतु निर्देशीत किया गया था। जिस पर थाना प्रभारी बेटमा के द्वारा मोबाईल पर आन लाइन गेम खेलने में रुपए हारने के कारण समीर पटेल नामक युवक की पत्थर से चोट पहुंचा कर आरोपी रमजान पटेल द्वारा की हत्या कर दी गई थी। पुलिस द्वारा उसे गिरफ्तार कर लिया गया। वहीं दूसरी घटना में लुट की नियत से राहुल पवांर नामक युवक की चाकु मारकर की गई हत्या का पर्दाफाश करते हुए। आरोपी विक्की पिता दिनेश गिरवर को गिरफ्तार कर लिया गया।दोनों अपराध में लिप्त आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। प्रकरण 1 पुलिस थाना बेटमा द्वारा 48 घंटे के अंदर हत्या का खुलासा मोबाईल पर आनलाइन गेम खेलने पर रुपये हारने के कारण आरोपी के द्वारा की गई हत्या थाना प्रभारी बेटमा के द्वारा थाना बेटमा के अपराध क्रमांक 270/2026 धारा 103 (1) बी एन एस में अज्ञात आरोपी के द्वारा दिनांक 07.05.2026 को मृतक समीर पटेल पिता सोहराब पटेल निवासी घाटा बिल्लौद की पत्थर से चोट पहुंचाकर हत्या कर दी गई थी जिसमें बेटमा पुलिस द्वारा अपराध कि गंभीरता को ध्यान में रखते हुए दो अलग- अलग टीम का गठन कर आरोपी कि तलाश हेतु रवाना किया गया था जिस पर मुखबिर सूचना के आधार पर संदेही को रमजान पटेल से अपराध में पुछताछ करने पर अपना जुर्म करना स्वीकार किया बाद आरोपी रमजान पटेल पिता सिकंदर पटेल जाति नायता पटेल उम्र 19 साल निवासी ग्राम घाटाबिल्लौद थाना बेटमा जिला इन्दौर को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की गई एंव आरोपी रमजान पटेल पिता सिंकदर पटेल जाति नायता पटेल उम्र 19 साल निवासी ग्राम घाटा बिल्लौद थाना बेटमा से एक पल्सर मोटर सायकल, आरोपी का मोबाईल फोन जप्त कर आरोपी से पुछताछ जारी है। सरहानी कार्य: - थाना प्रभारी बेटमा निरीक्षक मीना कर्णावत, उपनिरीक्षक संदीप पोरवाल, , सउनि अनिल शर्मा, सउनि गजेन्द्र चौहान, सउनि अमोल साठे, प्रआर. 2924 राजेश पटेल व प्र.आर 543 कल्लु राठौर, प्र आर 1888 रामेश्वर, आर938 नरोत्तम उच्चारिया व आर. 887 रवि तिवारी, सायबर सेल, जिला इंदौर-ग्रामीण कि सराहनीय भुमिका रही । प्रकरण 2 पुलिस थाना बेटमा द्वारा हुआ ग्राम सिंधी पुरा, भेरु बाबा मंदिर के पास हुआ सनसनीखेज अंधे कत्ल एंव लूट का किया खुलासा, लूट कि नियत से लुट की नियत से की थी हत्या आरोपी गिरफ्तार पुलिस थाना बेटमा पर दिनांक 06.05.2026 को फरियादी रवि पंवार ने थाना बेटमा पर रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उसके भाई राहुल पंवार की ड्यूटी से लौटते समय ग्राम सिंधी पुरा , भेरु बाबा मंदिर के पास अज्ञात बदमाशों ने चाकू मारकर हत्या कर दी और उसका मोबाइल, पर्स, लूट कर ले गए। घटना की गंभीरता को देखते हुए थाना बेटमा पर अपराध क्रमांक 264/2026 धारा 103 (1), 309(6), 311 बी.एन.एस. 2023 पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। थाना प्रभारी मीना कर्णावत थाना बेटमा के नेतृत्व में दो अलग-अलग विशेष टीमों का गठन किया गया। सायबर सेल की मदद और मुखबिर तंत्र के माध्यम से संदेही आरोपियों को चिन्हित कर घेराबंदी की गई एंव सख्ती से पूछताछ करने के दौरान आरोपी विक्की उर्फ विक्कु एंव अन्य तीन बाल अपचारी ने लूट के उद्देश्य से राहुल पंवार पर धारदार हथियार (चाकू) से हमला करना और मृतक राहुल पंवार का मोबाइल, पर्स लूटकर फरार होना स्वीकार किया। पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए घटना में शामिल निम्नलिखित आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है: गिरफ्तार आरोपी: 1. विक्की उर्फ विक्कु पिता दिनेश गिरवार, उम्र 19 साल, निवासी ग्राम सिंधीपुरा थाना बेटमा अन्य तीन बाल अपचारी । उक्त कार्याही में थाना प्रभारी निरीक्षक मीना कर्णावत व उनकी टीम उपनिरीक्षक संदीप पोरवाल, उप निरीक्षक मुन्नालाल डोडियार, सउनि. अमोल साठें, सउनि. कमलेन्द्र कुमार दीक्षित, प्र आर 2107 अनिल अहिरवार प्र आर 543 कल्लु राठौर, प्र आर 2073 दिपेन्द्र जाट, प्रआर. 1888 रामेश्वर गोयल, आरक्षक 887 रवि तिवारी सायबर सेल इन्दौर-ग्रामीण की सराहनीय भूमिका रही।

## 10 मई रविवार को 'शिक्षा से उजाला अभियान समिति' की बैठक का आयोजन दमोह जिले के ग्राम लिधौरा में किया गया




**संयुक्त लहर, नितिन चंदेल**

ग्राम वासियों की सहमति से सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि लिधौरा में 1 जुलाई से बच्चों को नि :शुल्क कोचिंग की व्यवस्था समाज की तरफ़ से की जाएगी। बैठक में संगठन के राष्ट्रीय संरक्षक शंकर लाल चडार , राष्ट्रीय अध्यक्ष हरिचरण वर्मा , राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष महेश चडार , राष्ट्रीय सदस्य एम पी सिंह , भूरे चडार , प्रीतम सिंह, राजेश कुमार अठया, मुकेश कुमार अठया, तोडल चडार , पत्रकार सोनू अठया तथा अन्य लिधौरा ग्राम वासी उपस्थित रहे।

## फॉर्मर रजिस्ट्री सैचुरेशन का अभियान जारी

**इन्दौर।** कलेक्टर श्री शिवम वर्मा के निर्देशन में इंदौर जिले में फार्मर रजिस्ट्री सेचुरेशन का कार्य प्रभावी रूप से किया जा रहा है। उक्त अभियान को 20 मई तक पूर्ण करने के लिए डोर-टू-डोर अभियान चलाया जा रहा है।

# आयुक्त ने की समयावधि पत्रों की समीक्षा, दिए आवश्यक दिशा निर्देश

**संयुक्त लहर, प्रतिनिधि**






**देवास।** आयुक्त दलीप कुमार के द्वारा निगम बैठक हाल में 11 मई सोमवार को समयावधि पत्रों की समीक्षा की। आयुक्त ने स्वच्छता सर्वेक्षण की तैयारियों हेतु सर्वे अन्तर्गत फोकस पाईट के 100 मीटर एरीये में सडकों की साफ सफाई, नाला, नालियों की सफाई, गाजर घास कटाई, सुलभ शौचालयों की निरंतर सफाई के साथ ही अन्य व्यवस्थाओं की जानकारी लेते हुए इसमे ओर गति लाने के निर्देश दिए। एच.टी.विद्युत कनेक्शनों में मोटर पम्प, नये विद्यु संयोजनों पर मीटर लगाने तथा एच.टी.संयोजनों में पावर फेक्टर मेंटनेंस के लिए कार्य संबंधित ठेकेदार से कराने हेतु कहा। आयुक्त ने प्रधानमंत्री स्वनिधि के आवेदनों की जानकारी ली तथा हितग्राहियों से नवीन आवेदनों के कार्य मे गति नही होने से अप्रसन्नता व्यक्त करने हेतु नवीन आवेदनों की संख्या बढाने के सख्त निर्देश दिए। अनुग्रह सहायता के आवेदनों की समीक्षा की गई तथा ईकेवाईसी, संबल योजना के कार्यो की जानकारी ली व आवश्यक दिशा निर्देश दिए। सडकों व मुख्य मार्गो, चौराहो से आवारा मवेशियों को हटाकर गौशाला मे भेजने की कार्रवाई के संबंध में संबंधितों से जानकारी ली गई तथा कार्रवाई को सतत रूपे से जारी रखने के निर्देश दिए तथा आवारा श्वानों को पकडनें हेतु की जा रही कार्रवाई मे गति लाने हेतु कहा। आयुक्त ने शासकीय आवासों पर रूफ वॉटर हार्वेस्टिंग कार्य में ओर अधिक गति लाने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए तथा लक्ष्यानुरूप हार्वेसिटंग सिस्टम नही लगवाने पर संबंधित उपयंत्रियों के वेतन आहरण नही करने की चेतावनी दी गई। जल गंगा संवर्धन अभियान अन्तर्गत कुए, बावडीयों, जलाश्यों का सफाई कार्य सतत रूप से करवांए। सिवरेज कनेक्शनों पर किये जा रहे कार्यो की वार्डवार समीक्षा कर स्वच्छत निरीक्षकों व दरोगाओं से कार्य मे गति हेतु कहा। अवैध से वैध नल संयोजनों पर की जा रही कार्रवाई पर आयुक्त ने संबंधित उपयंत्रियों को नोटीस जारी करने के निर्देश दिए। नवीन निर्माण की सामग्री को हरी नेट से ढंकवाए जाने की कार्रवाई की समीक्षा कर दिए आवश्यक निर्देश। कलेक्टर कार्यालय से प्राप्त पत्रों का समय सीमा मे निराकरण किए जाने के निर्देश दिए। सीएम हेल्प लाईन में प्राप्त शिकायतों का समयावधि मे निराकरण किए जाने के भी निर्देश दिए गये।

# जिले के नशा मुक्ति अभियान का अभिन्न अंग होगा तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम : मासिक होगी समीक्षा बैठक



**संयुक्त लहर, प्रतिनिधि**

**इन्दौर।** जिला स्तरीय तम्बाकू नियंत्रण समन्वय समिति की महत्वपूर्ण बैठक आज सम्पन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता कलेक्टर श्री शिवम वर्मा ने की। बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत एवं जिला नोडल अधिकारी (तम्बाकू नियंत्रण) श्री सिद्धार्थ जैन तथा अपर कलेक्टर श्री रोशन राय भी उपस्थित रहे। बैठक में राष्ट्रीय तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम तथा सिगरेट एवं अन्य तम्बाकू उत्पाद अधिनियम के प्रभावी क्रियान्वयन पर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में की विभिन्न धाराओं के अंतर्गत जिले में कानून के परिपालन पर विशेष बल दिया गया। कलेक्टर श्री शिवम वर्मा ने कहा कि बच्चों, किशोरों और युवाओं को तम्बाकू के दुष्प्रभावों से बचाना सर्वोच्च प्राथमिकता है और इस दिशा में सभी विभाग मिलकर कार्य करें। बैठक में मध्य प्रदेश वालंट्री हेल्थ एसोसिएशन इंदौर के कार्यकारी निदेशक एवं जिला स्तरीय तम्बाकू नियंत्रण समन्वय समिति के सदस्य श्री मुकेश कुमार सिन्हा द्वारा जिले में तम्बाकू नियंत्रण की स्थिति, तम्बाकू सेवन के स्वास्थ्य, पर्यावरण एवं आर्थिक दुष्प्रभावों, तथा कानूनी प्रावधानों पर एक विस्तृत प्रस्तुति दी गई।

## मुख्यमंत्री डॉ. यादव की पहल पर भोपाल में होगा इंडो-फ्रेंच इन्वेस्टमेंट कॉन्क्लेव

**इन्दौर।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में मध्यप्रदेश ने उद्योग, अधोसंरचना, नीति सुधार, लॉजिस्टिक्स, स्किल डेवलपमेंट और निवेश सुविधा के क्षेत्र में जिस तेज गति से कार्य किया है, उसने दुनिया की बड़ी कंपनियों का ध्यान राज्य की ओर आकर्षित किया है। फ्रांस की प्रतिष्ठित कंपनियों और उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमंडल की भोपाल में मौजूदगी इसी बढ़ते विश्वास का संकेत मानी जा रही है। भोपाल में 12 मई को होने जा रहे इंडो-फ्रेंच इन्वेस्टमेंट कॉन्क्लेव ऐसे समय में हो रहा है, जब मध्यप्रदेश वैश्विक निवेश मानचित्र पर लगातार मजबूत उपस्थिति दर्ज करा रहा है। कुशाभाऊ अंतर्राष्ट्रीय कन्वेंशन सेंटर में यह आयोजन केवल एक निवेश बैठक नहीं, बल्कि उस बदलती औद्योगिक सोच और वैश्विक संवाद का विस्तार है।

# मंत्री सिलावट और सांसद लालवानी ने अर्जुन बरोदा फ्लायओवर के ट्रायल रन का शुभारंभ किया

## सिंहस्थ महापर्व के लिए अर्जुन बरोदा फ्लायओवर नींव का पत्थर साबित होगा - मंत्री सिलावट

**संयुक्त लहर, प्रतिनिधि**



**इन्दौर।** जल संसाधन मंत्री श्री तुलसीराम सिलावट और सांसद श्री शंकर लालवानी ने आज इंदौर-देवास बायपास पर निर्मित अर्जुन बरोदा फ्लायओवर ब्रिज के ट्रायल रन का शुभारंभ किया। इस अवसर पर फ्लायओवर को आम जनता के लिए खोल दिया गया। सोमवार से दोनों दिशाओं की ओर से नियमित रूप से वाहन संचालन प्रारंभ हो गया है, जिससे सैकड़ों वाहन चालकों और आम जनों को राहत मिलेगी। मंत्री श्री सिलावट ने बताया कि लगभग 40 करोड़ रुपये की लागत से 800 मीटर लंबे फ्लायओवर का निर्माण कार्य पूर्ण कर लिया गया है। मार्च-अप्रैल में डामरीकरण का कार्य किया गया था, जो अब पूरा हो चुका है। उन्होंने कहा कि प्रतिदिन लगभग 70 हजार वाहन इस मार्ग से गुजरते हैं, जिससे लाखों लोगों को प्रत्यक्ष लाभ होगा। फ्लायओवर के प्रारंभ होने से आसपास के सैकड़ों ग्रामीणों और आम नागरिकों को आवागमन में बड़ी सुविधा मिलेगी। श्री सिलावट ने कहा कि आगामी सिंहस्थ महापर्व 2028 के दृष्टिगत यह फ्लायओवर क्षेत्र के लिए नींव का पत्थर सिद्ध होगा। साथ ही सर्विस रोड और अप्रोच रोड को भी व्यवस्थित किया गया है, ताकि यातायात निर्बाध रूप से संचालित हो सके। उन्होंने बताया कि अब इस पुल पर करीब 10 से 15 दिन तक ट्रायल रन जारी रहेगा। ट्रायल सफल होने के बाद डिवाइडर, साइन बोर्ड, रोड मार्किंग और लाइटिंग का कार्य पूरा किया जाएगा, जिससे यातायात और अधिक सुगम व सुरक्षित होगा। इस अवसर पर सर्वश्री श्रवणसिंह चावड़ा, जनपद अध्यक्ष मानसिंह चौहान, विश्वजीतसिंह सिसौदिया, रवि वाजपेई, गोविंद सिंह, जिला पंचायत सदस्य माखन पटेल, सरपंच दिनेश मंगरोले, गिरीश पटेल, महेश मंत्री, चेतन मेहता, महेश सरपंच, राहुलसिंह, मुकेश पटेल, सुखलाल मंसोरे, घनश्याम पटेल, राहुल तथा पंकज सहित सैकड़ों ग्रामवासी और गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# अंगदान और देहदान में सामाजिक सहभागिता व जागरूकता के लिए सोशल मीडिया इन्फ्लुएंशर्स करेंगे कार्य

**संयुक्त लहर, प्रतिनिधि**

**इन्दौर।** संभागायुक्त डॉ. सुदाम खाड़े की अध्यक्षता में आज अंगदान और देहदान के प्रति सामाजिक सहभागिता और जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से इंदौर के सोशल मीडिया इन्फ्लुएंशर्स की बैठक आयोजित की गई। संभागायुक्त कार्यालय में आयोजित इस बैठक में संभागायुक्त डॉ. खाड़े ने इंदौर जिले में अंगदान और देहदान के लिए किए जा रहे कार्यों के बारे में जानकारी प्राप्त दी। साथ ही उन्होंने इंदौर में इस क्षेत्र में अब तक हुए कार्यों और पूरी प्रक्रिया के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने इन्फ्लुएंशर्स से इस क्षेत्र में कैसे जागरूकता लायी जाए तथा समाज की शंकाओं को दूर करने में भूमिका निभाने को कहा। संभागायुक्त डॉ. खाड़े ने इंदौर में हुए अंगदान के संबंध में कई रौचक और नायब कहानियाँ भी बताई। कैसे किसी परिवार के सदस्यों से अंगदान कराया जाता है और उस परिवार में खुशी छा जाती है? बैठक में संभागायुक्त डॉ. खाड़े ने कहा कि अंगदान और देहदान एक पवित्र और पुण्य का कार्य है। इस कार्य से लोगों को नया जीवन मिलता है और समाज में बड़ा बदलाव आता है। चैन्नई, बैंगलुरू आदि दक्षिण भारत के शहरों में आज सबसे अधिक देहदान और अंगदान हो रहे हैं, जो गर्व की बात है। मध्यप्रदेश में इंदौर जिले में सबसे अधिक अंगदान और देहदान हो रहे हैं।संभागायुक्त डॉ. खाड़े ने कहा कि मध्यप्रदेश में यहाँ एयर एम्बुलेंस की सुविधा भी है, जिससे अंगदान में भी उपयोगी है। बैठक में संभागायुक्त डॉ. खाड़े ने बताया कि अंगदान करने वाले परिजनों को गॉड ऑफ ऑनर की शुरूआत करने के बाद अंगदान के मामले 25 प्रतिशत से अधिक बढ़े है। अधिकांश लोग अंधविश्वास और डर के चलते अंगदान और देहदान करने में हिचकिचाते हैं, ऐसे लोगों की मानसिकता सोशल मीडिया इन्फ्लुएंशर्स के माध्यम से बदली जा सकती है। बैठक में मुस्कान ग्रुप के श्री संदीपन आर्य ने बताया कि अंगदान के लिए इंदौर में ग्रीन कॉरिडोर सबसे पहले वर्ष 2015 में बना था। अभी तक 67 बार ग्रीन कॉरिडोर बन चुके है। त्वचा दान के मामले में इंदौर देश में दूसरे स्थान पर है। वर्ष 2024 में 2237 नेत्रदान हुए, जो 2025 में बढ़कर यह संख्या 2748 हो गई। इंदौर में तीन आई बैंक है। वर्ष 2024 में इंदौर में अंगदान की 135 अनुमति जारी की, जो 2025 में बढ़कर 202 हो गई। मृत्यु के पूर्व व्यक्ति लीवर, किडनी, बोनमेरो और रक्त दान कर सकता है। हृदय गति रूक जाने पर मरीज की आँख, त्वचा, हड्डी और हार्टवॉल्व का दान किया जा सकता है।

# प्रेस क्लब मंडलेश्वर की कार्यकारिणी घोषित, नवीन कुमार बने अध्यक्ष, संरक्षक श्याम मेवाड़े की मौजूदगी में 11 मई 2026 को हुआ पदभार ग्रहण

**पत्रकार हित और जनसमस्याओं को प्राथमिकता देने का लिया संकल्प, सचिव, कोषाध्यक्ष समेत अन्य पदों पर भी सदस्यों को दी गई जिम्मेदारी**

संयुक्त लहर, प्रतिनिधि

**मंडलेश्वर।** प्रेस क्लब मंडलेश्वर की कार्यकारिणी का गठन सोमवार 11 मई 2026 को सर्वसम्मति से कर लिया गया। संरक्षक वरिष्ठ पत्रकार श्याम मेवाड़े की उपस्थिति में आयोजित बैठक में नवीन कुमार को प्रेस क्लब का अध्यक्ष मनोनीत किया गया। स्थानीय पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस पर आयोजित बैठक में नगर के वरिष्ठ एवं युवा पत्रकार बड़ी संख्या में शामिल हुए। संरक्षक श्याम मेवाड़े ने कहा कि पत्रकारों की एकता और जनहित के मुद्दों को मजबूती से उठाने के लिए कार्यकारिणी का विस्तार जरूरी था। चर्चा के बाद सभी सदस्यों की सहमति से नवीन कुमार के नाम पर अध्यक्ष पद के लिए मुहर लगी।





### नवीन कुमार ने जताया आभार

अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी मिलने पर नवीन कुमार ने सभी सदस्यों का आभार जताया। उन्होंने कहा, 'प्रेस क्लब का उद्देश्य पत्रकारों के सम्मान, सुरक्षा और उनके अधिकारों की लड़ाई लड़ना है। नगर की जनसमस्याओं को प्राथमिकता से शासन-प्रशासन तक पहुंचाकर निराकरण कराना हमारी पहली जिम्मेदारी रहेगी। अब तक पत्रकार कलम के माध्यम जन समस्या से जुड़े मुद्दे उठाते रहे हैं लेकिन, प्रशासन उन मुद्दों पर कोई कारवाही नहीं करता था। नवनियुक्त अध्यक्ष नवीन कुमार ने प्रशासन को चेताया कि अखबारों में प्रकाशित समाचारों पर कारवाही नहीं होती है तो प्रेस क्लब सड़क पर भी उतरने से गुरेज नहीं करेगा।

### अन्य पदाधिकारियों को भी मिली जिम्मेदारी

अध्यक्ष के साथ ही कार्यकारिणी के अन्य पदों पर भी सदस्यों को जिम्मेदारी सौंपी गई। संरक्षक श्याम मेवाड़े, मार्गदर्शक उदय सिंह पटेल, सलाहकार दिनेश मेवाडे, कार्यकारी अध्यक्ष दीपक सिंह तोमर, सचिव आदर्श मेवाडे, कोषाध्यक्ष जितेंद्र तंवर, उपाध्यक्ष शिवशंकर रोकड़े व अमन वर्मा, सह-सचिव कृष्णपाल ठाकुर व वीरेंद्र सिंह पटेल, सह कोषाध्यक्ष तरुण कुमरावत व राजा गोखले मीडिया, कार्यालय प्रभारी असलम पठान, प्रभारी राजवीर छाबड़ा, सोशल मीडिया प्रभारी विकास यादव, कार्यकारिणी सदस्य लखन ठाकुर, अमीन खान, अश्विन पिपल्दे, प्रवीण वर्मा, दिलबाग पटेल और महेंद्र शुक्ला के नामों की घोषणा की गई।

### त्रकारों में उत्साह, वरिष्ठजनों ने दी शुभकामनाएं

कार्यकारिणी गठन के बाद नगर के पत्रकारों में नई ऊर्जा देखने को मिली। बैठक में मौजूद वरिष्ठ पत्रकार हरचरण सिंह मुच्छाल, अजय मावकर, अमन वर्मा, पवन वर्मा, संदीप पाटीदार, सूरज मंडलोई, दिलबाग पटेल, जितेंद्र वर्मा, निलेश जैन, जगदीश मुकाती, जौहर अली, योगेंद्र मंडलोई, लोकेंद्र मंडलोई और आशीष पाटीदार सहित अन्य सदस्यों ने नई टीम को शुभकामनाएं दीं। नगर के भाजपा नेताओं, सामाजिक कार्यकर्ताओं और गणमान्य नागरिकों ने भी प्रेस क्लब की नई कार्यकारिणी को बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की।

### आगे की योजना

उल्लेखनीय है कि नवनियुक्त अध्यक्ष नवीन कुमार पिछले 19 सालों से पत्रकारिता जगत में सक्रिय रहते हुए वर्तमान में दैनिक भास्कर जैसे समाचार पत्र के मंडलेश्वर नगर में संवाददाता हैं। नवीन कुमार ने बताया कि प्रेस क्लब जल्द ही मासिक बैठक का कैलेंडर जारी करेगा। पत्रकारों की समस्याओं के लिए हेल्प डेस्क, प्रशासन के साथ संवाद कार्यक्रम और जनसमस्या शिविर आयोजित किए जाएंगे।

# मातृ दिवस पर प्रतिभा का सम्मानः वार्ड क्रमांक एक में प्रतिभावान बच्चों का हुआ ट्रॉफी देकर उत्साहवर्धन

**'बेटियां हर क्षेत्र में रच रही सफलता की नई इबारत' – कमल यादव**

संयुक्त लहर, नूर मोहम्मद शेख

**बागली।** मातृ दिवस के अवसर पर बागली नगर के वार्ड क्रमांक 1 में पार्षद अमित धुले द्वारा प्रतिभावान विद्यार्थियों का ट्रॉफी प्रदान कर सम्मान एवं उत्साहवर्धन किया गया। कार्यक्रम में शिक्षा, संस्कार और बेटियों की उपलब्धियों को लेकर प्रेरणादायी संदेश दिए गए। इस अवसर पर नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि कमल यादव ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि 'हमारे यहां शांति बनी विद्यालय में उत्कृष्ट एवं बेहतर शिक्षा प्रदान की जा रही है। सभी विद्यार्थी मन लगाकर पढ़ाई करें, उच्च अंकों से उत्तीर्ण हों और शासन की स्कूटी एवं लैपटॉप जैसी योजनाओं का लाभ प्राप्त कर अपने भविष्य को उज्ज्वल बनाएं।' वहीं वरिष्ठ अधिवक्ता चौधरी ने कहा कि आज देश की बेटियां हर क्षेत्र में अपना महत्वपूर्ण योगदान दे रही हैं। उन्होंने कहा कि 'ऑपरेशन सिंदूर से यह स्पष्ट हो गया है कि देश की बेटियां भी साहस और पराक्रम में किसी से कम नहीं हैं। सोफिया कुरैशी एवं वियोमिका सिंह जैसी बेटियों ने अपने कार्यों से देश का नाम गौरवान्वित किया है।' कार्यक्रम के दौरान समाजसेवी मंजू उदावत, किशोर गुजराती, चंद्रर पहलवान सहित बड़ी संख्या में विद्यार्थी एवं उनके अभिभावक उपस्थित रहे। मातृ दिवस पर आयोजित यह सम्मान समारोह बच्चों के लिए प्रेरणा और उत्साह का केंद्र बना।





### ग्राम ढाणी में धार्मिक आयोजन सम्पन्न, ग्रामवासियों ने किया भव्य भंडारा

संयुक्त लहर, रविन्द्र परमार

**सतवास।** तहसील सतवास अंतर्गत ग्राम पंचायत निमासा के ग्राम ढाणी में शिव मंदिर, हनुमान मंदिर एवं माता मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव श्रद्धा और उत्साह के साथ सम्पन्न हुआ। आयोजन में ग्रामवासियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया तथा भव्य भंडारे का आयोजन भी किया गया। धार्मिक कार्यक्रम के दौरान क्षेत्र में भक्तिमय वातावरण बना रहा। ग्राम के श्रद्धालुओं एवं मातृशक्ति ने सेवा, सहयोग और व्यवस्थाओं में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इस अवसर पर प्रज्ञान गुरुसुख गोल्यां एवं वंसराज स्याग ने आयोजन को सफल बनाने हेतु समस्त ग्रामवासियों, सहयोगियों, दानदाताओं एवं धर्मप्रेमी बंधुओं का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि सभी के सहयोग और समर्पण से यह धार्मिक आयोजन सफलतापूर्वक सम्पन्न हो पाया है।

सुबह से पहले निकल पड़ता हूँ,
कभी धूप, कभी बारिश, कभी ठंडी रातों में,
कंधे पर कैमरा, हाथ में मोबाइल,
और जिम्मेदारियाँ हजारों साथ में।

लोग कहते हैं – 'बस पोस्ट डालना है',
पर कौन समझे इस सफर का भार,
कभी भीड़ का गुस्सा सहना पड़ता है,
तो कभी घटनास्थल पर जागनी पड़ती है रात।

हर तस्वीर के पीछे दौड़ छिपी है,
हर वीडियो में अधूरी नींद,
कम पगार में भी मुस्कुराकर,
हम लिखते हैं दिनभर की जिंदगी।

हम सिर्फ खबरें नहीं दिखाते,
हम हर पल को रोशनी देते हैं,
जनसंपर्क में काम करने वाले लोग,
खुद थककर भी दुनिया को अपडेट देते हैं।






# रेबीज संकट के बीच एबीसी सेंटर में ताला, मॉनिटरिंग टीम के सदस्यो को रोका

संयुक्त लहर, मुकेश ठक्कर

**खरगोन।** जिले में बढ़ते रेबीज और डॉग बाइट मामलों के बीच डाबरिया रोड ट्रेंचिंग ग्राउंड स्थित सेंटर एक बार फिर विवादों में आ गया है। पशु नसबंदी टेंडर निगरानी समिति की टीम जब सेंटर के निरीक्षण के लिए पहुंची, तो उन्हें अंदर प्रवेश तक नहीं करने दिया गया। आरोप है कि मौके पर मौजूद टेंडर कर्मचारी ने पहले टीम को रोका और बाद में सेंटर के बाहर ताला लगा दिया। टीम का कहना है कि ॥ह को सूचना देने के बावजूद नगर पालिका कर्मचारी को भी अंदर जाने से रोक दिया गया। कर्मचारियों ने साफ कहा कि 'टेंडर मालिक के अलावा कोई भी अंदर नहीं आ सकता।' मामले में जिम्मेदार व्यक्ति राजेश्वर जोशी से संपर्क की कोशिश भी बेनतीजा रही। सबसे गंभीर बात यह है कि पिछले चार महीनों में शहर में 60 से ज्यादा रेबीज संक्रमित कुत्तों और 40 से अधिक कैनाइन डिस्टेंपर के मामलों की पुष्टि हो चुकी है। इसके चलते डॉग बाइट घटनाएं तेजी से बढ़ रही हैं और आम नागरिकों, खासकर बच्चों की सुरक्षा पर बड़ा खतरा मंडरा रहा है। संस्था ने आरोप लगाया कि सेंटर में पारदर्शिता के बजाय दबाव और धमकी का माहौल बनाया जा रहा है। सेवाएं और आश्रय बंद करवाने की धमकियां भी दी जा रही हैं। सवाल उठ रहा है कि जब मॉनिटरिंग कमेटी और नगर पालिका कर्मचारियों को ही सेंटर में प्रवेश नहीं दिया जा रहा, तो आखिर अंदर क्या छिपाया जा रहा है? अब शहर की जनता पूरे मामले में जवाब मांग रही है।





# आधुनिक तकनीकों ने बदली किसान केहर सिंह चौहान की जिंदगी

संयुक्त लहर, प्रतिनिधि

**भोपाल।** टीकमगढ़ जिले के विकासखंड बल्देवगढ़ के ग्राम बनपुरा खुर्द के प्रगतिशील किसान श्री केहर सिंह चौहान ने आधुनिक खेती अपनाकर यह साबित कर दिया है कि सही मार्गदर्शन और नई तकनीकों के उपयोग से खेती को लाभकारी व्यवसाय बनाया जा सकता है। पहले वे परंपरागत तरीके से एक एकड़ में गेहूं की खेती करते थे, जिससे लगभग छह माह में केवल 30 से 35 हजार रुपये की आय होती थी। सीमित आमदनी के कारण परिवार की जरूरतों को पूरा करना कठिन हो रहा था। इसके बाद उन्होंने उद्यानिकी विभाग की प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना एवं कृषि विभाग की आत्मा योजना के अंतर्गत प्रशिक्षण और तकनीकी मार्गदर्शन प्राप्त किया। राज्य के बाहर कृषि भ्रमण के दौरान उन्होंने तरबूज सहित उद्यानिकी फसलों की उन्नत खेती के बारे में जानकारी ली। वापस आकर उन्होंने अपने खेत में ड्रिप सिंचाई एवं मल्चिंग तकनीक का उपयोग करते हुए तरबूज की खेती शुरू की। आधुनिक तकनीकों के उपयोग से मात्र दो माह में ही एक एकड़ से लगभग 2 लाख रुपये की आय प्राप्त हुई। इससे उनकी आर्थिक स्थिति में बड़ा बदलाव आया। अब वे लगभग 8 एकड़ भूमि पर तरबूज, टमाटर, बैंगन और ककड़ी जैसी उद्यानिकी फसलों की खेती कर रहे हैं। उनके खेत से सीधे उत्पाद की बिक्री हो रही है तथा लगभग 10 लोगों को रोजगार भी मिल रहा है। श्री केहर सिंह चौहान आज क्षेत्र के अन्य किसानों के लिए प्रेरणा बन गए हैं। उनका मानना है कि सरकार की योजनाओं का लाभ और आधुनिक तकनीकों का उपयोग किसानों की आय बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमि। निभा सकता है।



# मातृदिवस पर विद्योत्तमा फाउंडेशन का सराहनीय आयोजन, बच्चों को दी सुरक्षा व स्वास्थ्य की सीख

संयुक्त लहर, प्रतिनिधि

**इंदौर।** विद्योत्तमा फाउंडेशन इंदौर इकाई द्वारा मातृदिवस के शुभ अवसर पर बहुउद्देशीय सेवा समिति संस्था में बच्चों के शारीरिक, मानसिक स्वास्थ्य एवं सुरक्षा विषय पर एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। संस्था के संस्थापक आदरणीय सुबोध जी मिश्र और इकाई अध्यक्ष आदरणीय दिनेश तिवारी जी उपवन के मार्गदर्शन से कार्यक्रम को संस्था की सामाजिक सह-सचिव एवं हेल्थ एंड वेलनेस एक्सपर्ट डॉ. पूनम विशाल ज्वैल ने बच्चों को स्वच्छता, संतुलित आहार एवं जीवन कौशल से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की। उन्होंने बच्चों को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित किया। साथ ही, संस्था की संयुक्त सचिव एवं सहज योग ध्यान केंद्र, इंदौर से योग विशेषज्ञ श्रीमती शीला चंदन ने बच्चों को ध्यान (मेडिटेशन) का अभ्यास करवाया, जिससे उनके मानसिक संतुलन और एकाग्रता में वृद्धि हो सके। कार्यक्रम में विद्योत्तमा संस्था के महासचिव डॉ अखिलेश राव ,साहित्यिक सचिव स्वाति सिंह राठौर, सांस्कृतिक सचिव डॉ विनीता सिंह चौहान एवं सामाजिक सदस्य भी विशेष रूप से उपस्थित रहे। मातृदिवस के अवसर पर संस्था की मातृशक्ति ने यह विशेष दिन उन बच्चों के साथ मनाने का निर्णय लिया, जिन्हें माँ का स्नेह प्राप्त नहीं हो पाया है। इस दौरान बच्चों के साथ समय बिताकर उन्हें स्नेह और अपनापन प्रदान किया गया। साथ ही, बच्चों की सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए 'गुड टच-बैड टच' विषय पर महत्वपूर्ण जानकारी साझा की गई, ताकि वे अपनी सुरक्षा के प्रति जागरूक बन सकें। कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों में स्वास्थ्य, सुरक्षा और सकारात्मक जीवन मूल्यों के प्रति जागरूकता बढ़ाना रहा।








# खजराना में व्यावसायिक कौशल विकास केंद्र का शुभारंभः युवाओं को हुनर, शिक्षा और आत्मनिर्भरता की नई दिशा

## खजराना में व्यावसायिक कौशल विकास केंद्र का भव्य शुभारंभः युवाओं को हुनर, शिक्षा और आत्मनिर्भरता की नई उड़ान, सर्व वेलफेयर कमेटी सामाजिक एवं शैक्षणिक विकास एवं एमडब्ल्यूएसबी के प्रयासों को समाज के उज्ज्वल भविष्य की दिशा में अहम पहल बताया गया

संयुक्त लहर, नूर मोहम्मद शेख








**इंदौर/खजराना।** सर्व वेलफेयर कमेटी (एसडब्ल्यूसी) एवं सहयोगी संस्थाओं सीड तथा एमडब्ल्यूएसबी के संयुक्त तत्वावधान में खजराना, इंदौर में व्यावसायिक कौशल विकास केंद्र (वीएसडीसी) के उद्घाटन समारोह का गरिमामयी एवं सफल आयोजन संपन्न हुआ। कार्यक्रम में समाज, शिक्षा एवं मार्गदर्शन क्षेत्र की प्रतिष्ठित हस्तियों की उपस्थिति ने आयोजन को प्रेरणादायी बना दिया। संस्था के प्रवक्ता अनीस क़ादरी ने जानकारी देते हुए बताया कि व्यावसायिक कौशल विकास केंद्र (वोकेशनल स्किल डेवलपमेंट सेंटर - वीएसडीसी) का उद्देश्य युवाओं को कौशल विकास, व्यावसायिक प्रशिक्षण, शिक्षा, स्वरोजगार एवं आत्मनिर्भरता की दिशा में सशक्त बनाना है। इस अवसर पर डॉ. इशरत अली काज़ी साहब, मुफ्ती आज़म मालवा नुरुल हक़ साहब, डॉ. सनवर पटेल क बोर्ड अध्यक्ष भोपाल , डॉ. सैयद इफ्तिखार अली साहब एवं कुतुबुद्दीन साहब विशेष रूप से उपस्थित रहे। समारोह को संबोधित करते हुए अतिथियों ने व्यावसायिक कौशल विकास केंद्र (वीएसडीसी) की इस अभिनव पहल की सराहना करते हुए कहा कि यह केंद्र केवल प्रशिक्षण तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि युवाओं को नई दिशा, बेहतर अवसर एवं आत्मनिर्भरता की राह दिखाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। उन्होंने इसे समाज के उज्ज्वल भविष्य की ओर बढ़ाया गया प्रभावी कदम बताया। कार्यक्रम के दौरान संस्था द्वारा सभी सम्माननीय अतिथियों का सम्मान किया गया तथा स्मृति चिन्ह भेंट कर उनका आभार व्यक्त किया गया। आयोजन में उपस्थित लोगों ने भी इस पहल को युवाओं के लिए लाभकारी बताते हुए संस्थाओं के प्रयासों की सराहना की। सर्व वेलफेयर कमेटी (एसडब्ल्यूसी), सीड एवं एमडब्ल्यूएसबी ने अपने संयुक्त संदेश में कहा कि व्यावसायिक कौशल विकास केंद्र (वीएसडीसी) केवल एक प्रशिक्षण केंद्र नहीं, बल्कि युवाओं को आत्मनिर्भर बनाकर समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने का सशक्त माध्यम बनेगा। कार्यक्रम के दौरान अपने संबोधन में मध्य प्रदेश वक्फ बोर्ड अध्यक्ष डॉ संनवर पटेल ने अपने मिशन पढ़ो पढ़ाओ राष्ट्र को आगे बढ़ाओ पर चर्चा करते हुए कहा कि जिस तरह इंदौर हर क्षेत्र में नंबर वन है उसे शिक्षा और बच्चों के हर तरह के कौशल विकास में नंबर वन हमें अपने प्रयासों से करना है विश्व में ऐसा शायद ही कोई देश हो जो इंदौर को प्रत्येक क्षेत्र में बेहतरीन शहर ना मानता हो। वही कार्यक्रम करने वाली संस्था सुन्नी वेलफेयर सोसाइटी की इस शानदार पहल की तारीफ की। कार्यक्रम के सफल आयोजन पर सभी अतिथियों, सहयोगियों एवं उपस्थित जनसमूह के प्रति आभार व्यक्त किया गया।

# मालवा कपः रोमांचक मुकाबले में सिद्धिविनायक टीम पहुंची फाइनल में

## दर्शकों की भारी भीड़ के बीच हुआ दूसरा सेमीफाइनल






संयुक्त लहर, प्रतिनिधि

**धार।** शहर में इन दिनों जिले में क्रिकेट का महाकुंभ कहे जाने वाला मालवा कप चल रहा है लीग मैच खत्म होते ही मैदान पर दर्शकों का हुजूम देखकर हर कोई दंग रह गया है रविवार को हुए मुकाबले में एसएसवीजे टीम ने रोमांचक मुकाबले में जीत हासिल कर फाइनल में प्रवेश किया, मैदान पर कांग्रेस प्रदेश सचिव हरदेव सिंह जाट, युवा कांग्रेस प्रदेश उपाध्यक्ष शुभांगना राजे जमानिया, महिला कांग्रेस जिलाध्यक्ष प्रीति माहेश्वरी, जिला संगठन मंत्री परितोष सिंह राठौर, युवा कांग्रेस जिलाध्यक्ष रोहित कामदार, अभिनव बिंजवा सहित कांग्रेस नेता बतौर अतिथि उपस्थित हुए, कार्यक्रम का संचालन समिति के प्रतीक चौहान और राजेश डाबी ने किया, बता दे कि पिछले कई दिनों से स्थानीय किला मैदान पर मालवा कप प्रतियोगिता चल रही है समिति के संरक्षक पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष पर्वत सिंह चौहान है समिति के संयोजक विनोद सिंह चौहान है। रोमांचक मुकाबले में सिद्धिविनायक ने हेवीट्रकर को दी शिकस्त रविवार को इस वर्ष मालवा कप का बेहद रोमांचक मुकाबला सिद्धिविनायक और पिछले सत्र की विजेता हेवीट्रकर के बीच हुआ जिसमें सिद्धिविनायक ने सिक्के की उछाल में बाजी मार पहले बल्लेबाजी करते हुए आतिशी बल्लेबाज दिलीप बिंझवा की 41 रनो की पारी की बदौलत 105 रन का स्कोर खड़ा किया लक्ष्य का पीछा करने उतरी हैवी ट्रेकर ने अच्छी शुरुआत की लेकिन सिद्धिविनायक के तेज गेंदबाज प्रवीण शानू की गेंद पर हैवी ट्रेकर के बल्लेबाज घुटने टेकते नजर आए शानू के एक ही ओवर में 3 महत्वपूर्ण विकेट से मैच में सिद्धिविनायक पकड़ बनाती नजर आई लेकिन मिडिल आर्डर बल्लेबाज ने राहत की सांस दी लेकिन विकेटों के लगातार पतन को हेवीट्रकर नहीं रोक पाई अंतिम ओवर में 6 गेंदों पर 17 की जरूरत थी इधर अंतिम जोड़ी पिच पर थी भोपाल के दानिश ने तीसरी बाल पर चौका और चौथी बाल पर छक्का लगाकर मैच में जगह बनाने की कोशिश की लेकिन पांचवीं बाल पर नॉन स्ट्राइक हैंड पर आदित्य खाली बाल पर रन के लिए दौड़ पड़े और रन आउट हो गए हैवी ट्रेकर की टीम आल आउट हो गई और मैच सिद्धिविनायक ने जीत लिया। तीसरे स्थान के लिए मुकाबला मंगलवार को इधर मालवा कप का दूसरा और अंतिम सेमीफाइनल मुकाबला आरडीएक्स ओर धरमपुरी के बीच सोमवार को खेला जाएगा वहीं तीसरे स्थान के लिए मंगलवार को मुकाबला खेले जाना है जिसमें हैवी ट्रेकर और सोमवार के सेमीफाइनल की उपविजेता टीम के बीच होगा। मैच में अंपायर सुंदर रायकवार और महेश बोडाने थे स्कोरर शेरू चौधरी, जय चौहान, हर्षित ठाकुर थे। कमेंटेटर रोहित पाल और गोकुल चौहान रहे।

# विधायक शेखावत ने नगर परिषद की समीक्षा बैठक में दिए विकास कार्यों को गति देने के निर्देश

## पेयजल सड़क प्रकाश व्यवस्था और वर्षा पूर्व सफाई पर विशेष जोर


संयुक्त लहर, राकेश सिंह




भंवरसिंह शेखावत ने रविवार को नगर परिषद बदनावर में विकास कार्यों एवं नगर की समस्याओं के निराकरण को लेकर समीक्षा बैठक आयोजित की। बैठक में नगर परिषद के जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों के साथ नगर के विभिन्न निर्माण कार्यों और मूलभूत सुविधाओं की विस्तृत समीक्षा की गई। बैठक में नगर क्षेत्र की पेयजल व्यवस्था, बलवंती नदी के जीर्णोद्धार कार्य, बड़ी चौपाटी से बदनावर बस स्टैंड तक मुख्य मार्ग पर आई दरारें, शहर की सड़क एवं प्रकाश व्यवस्था, गांधी मार्ग की विद्युत व्यवस्था तथा प्रस्तावित विकास कार्यों की प्रगति पर चर्चा हुई। साथ ही प्रधानमंत्री आवास योजना, हितग्राही मूलक योजनाओं और आगामी वर्षा ऋतु को देखते हुए नालों एवं नालियों की सफाई कार्यों को प्राथमिकता से पूरा करने के निर्देश दिए गए। विधायक शेखावत ने निकाय की दुकानों के बकाया किराए की वसूली, नंदराम चौपड़ा स्कूल के सामने प्रस्तावित नवीन दुकानों के निर्माण के बाद जल प्रबंधन की उचित व्यवस्था तथा शासकीय अस्पताल में 24 घंटे पानी उपलब्ध कराने को लेकर भी आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बैठक में अध्यक्ष मीना यादव, मुख्य नगर पालिका अधिकारी लालसिंह राठौर एवं उपयंत्री सारंग पुराणिक को विकास कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए गए। बैठक में उपाध्यक्ष राजेन्द्रसिंह पंवार 'फूंदा बापू', भारती राठौड़, जितेन्द्र शर्मा, झन्नुबाई सिर्वी, सुखराम देवड़ा, प्रतिपक्ष नेता महिपालसिंह पंवार, साजिद खान, चेतन नागल, भैरूलाल डावर, विधायक प्रतिनिधि हेमंत मोदी, पूर्व पार्षद निर्मल वर्मा, मुकेश होती, विनोद शर्मा सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि एवं नागरिक उपस्थित रहे। इस दौरान नगर के विकास को लेकर नागरिकों से सुझाव भी आमंत्रित किए गए। बैठक के अंत में नगर परिषद अध्यक्ष मीना-शेखर यादव के नेतृत्व में पार्षदों द्वारा विधायक भंवरसिंह शेखावत को नगर के विभिन्न विकास कार्यों की स्वीकृति हेतु मांग पत्र भी सौंपा गया।

# अलवास उपार्जन केंद्र पर किसानों की परेशानी बढ़ी, प्रशासन ने सुधार का दिया आश्वासन

संयुक्त लहर, प्रतिनिधि





**हातोद।** तहसील अंतर्गत अलवास स्थित लक्ष्य वेयरहाउस में संचालित चार गेहूं उपार्जन केंद्रों पर किसानों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। किसान पिछले छह दिनों से अपनी उपज बेचने के लिए लंबी कतारों में खड़े रहने को मजबूर हैं। केंद्र पर पर्याप्त व्यवस्थाओं के अभाव में किसानों में लगातार नाराजगी बढ़ रही है। किसानों ने बताया कि उपार्जन केंद्र पर समय पर तौल नहीं हो रही है, जिससे घंटों इंतजार करना पड़ रहा है। इसके अलावा पेयजल, छाया और बैठने जैसी मूलभूत सुविधाओं की भी कमी बनी हुई है। गर्मी के मौसम में किसानों और उनके साथ आए मजदूरों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। किसानों की समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए भारतीय किसान संघ के पदाधिकारियों ने किसानों के साथ मिलकर हातोद तहसील के एसडीएम विनोद राठौड़ को स्थिति से अवगत कराया। एसडीएम के निर्देश पर संबंधित अधिकारी मौके पर पहुंचे और किसानों से चर्चा कर व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान किसानों ने अधिकारियों के सामने तौल व्यवस्था में पारदर्शिता, तेजी लाने तथा केंद्र पर आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने की मांग रखी। अधिकारियों ने किसानों को आश्वासन दिया कि जल्द ही सभी जरूरी व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएंगी ताकि किसानों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। भारतीय किसान संघ के हातोद तहसील अध्यक्ष दरबार सिंह, सांवेर तहसील के उदयभान सिंह तंवर, अनिल व्यास एवं कृष्णा राजोदा ने प्रशासन से मांग की है कि गेहूं उपार्जन केंद्रों पर पर्याप्त संसाधन उपलब्ध कराए जाएं, जिससे किसानों का उपार्जन कार्य समय पर और सुचारू रूप से हो सके।

# खलघाट, नर्मदा नदी में स्नान के दौरान एक व्यक्ति हुआ लापता, क्षेत्र में फैली सनसनी

## नाविक पंकज शिवदे द्वारा नि:शुल्क नाव सेवा उपलब्ध कराई गई







संयुक्त लहर, जितेन्द्र सिंह चौहान

**खलघाट।** धामनोद थाना क्षेत्र में, सोमवार सुबह नर्मदा नदी में स्नान के दौरान, एक व्यक्ति के लापता होने की घटना से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। जानकारी के अनुसार , एक परिवार अपने बच्चों सहित नर्मदा स्नान के लिए पहुंचा था। इसी दौरान नहाते-नहाते परिवार का एक सदस्य अचानक गहरे पानी में चला गया और देखते ही देखते नदी में लापता हो गया। घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई और परिजनों ने तत्काल मदद के लिए डायल 112 को सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस टीम तथा स्थानीय गोताखोर , मौके पर पहुंचे और नदी में सर्चिंग अभियान शुरू किया गया। लापता व्यक्ति की पहचान सदन पिता थानसिंग, उम्र करीब 35 वर्ष, निवासी खलघाट मोरीपुरा गंधवानी के रूप में हुई है। परिजनों के अनुसार वह सुबह करीब 9 बजे परिवार के साथ नर्मदा स्नान करने आए थे। नहाने के दौरान, वह थोड़ा आगे गहरे पानी की ओर चले गए, तभी वह पानी में डूब गए। आसपास मौजूद लोगों ने उन्हें बचाने का प्रयास किया, लेकिन कुछ ही क्षणों में वह नदी की तेज धारा में लापता हो गए। काफी तलाश के बाद भी उनका कोई सुराग नहीं लग पाया, जिसके बाद डायल 112 को सूचना दी गई। नाव के माध्यम से नदी में तलाश शुरू कराई गई। वहीं स्थानीय गोताखोर दिनेश वर्मा ने भी गहरे पानी में उतरकर सर्चिंग की, लेकिन शाम 5 बजे तक व्यक्ति का कोई पता नहीं चल सका। गोताखोरों का कहना है कि संभवत: तेज बहाव के कारण व्यक्ति पानी में बह गया हो, फिर भी लगातार तलाश जारी है।

# 80प्रतिशत खाली पड़ा पोलाखाल वेयरहाउस, फिर भी नहीं हो रही स्लॉट बुकिंग; किसान परेशान पुराने बारदान फटने से गेहूं हो रहा खराब, पूर्व विधायक ने उठाई नए बारदान व स्लॉट बुकिंग की मांग

संयुक्त लहर, नूर मोहम्मद शेख






**बागली।** पिपरी पोलाखाल स्थित नर्मदा वेयर हाउस में संचालित गेहूं उपार्जन केंद्र फिलहाल महज 20 प्रतिशत ही भर पाया है, जबकि करीब 80 प्रतिशत वेयरहाउस अब भी खाली पड़ा है। इसके बावजूद किसानों के लिए स्लॉट बुकिंग नहीं होने से क्षेत्र के किसान चिंता और परेशानी में हैं। पीपरी, पोलाखाल, रतनपुर, उदयनगर, जमासिंध, पांडूतालाब सहित लगभग 40 से अधिक गांवों के किसान अपनी गेहूं उपज समर्थन मूल्य पर बेचने के लिए इंतजार कर रहे हैं। किसानों का कहना है कि स्लॉट बुकिंग में देरी के कारण खेतों और घरों में रखी फसल खराब होने का खतरा बढ़ रहा है, जिससे उन्हें आर्थिक नुकसान उठाना पड़ सकता है। उक्त उपार्जन केंद्र पर उदयनगर, पोलाखाल एवं पांडूतालाब की तीन सहकारी समितियों द्वारा समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीदी की जा रही है। वहीं, खरीदी केंद्र पर उपलब्ध पुराने बारदान भी किसानों की परेशानी बढ़ा रहे हैं। बारदान फटने से गेहूं नीचे गिर रहा है, जिससे उपज खराब होने की स्थिति बन रही है। मामले को गंभीरता से लेते हुए पूर्व विधायक पहाड़सिंह कन्नौजे ने संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों से चर्चा कर शीघ्र स्लॉट बुकिंग शुरू करने और नए बारदान उपलब्ध कराने की मांग की है, ताकि किसानों को राहत मिल सके। इस संबंध में ब्रांच मैनेजर लोकेश यादव ने बताया कि स्लॉट बुकिंग व्यवस्था को लेकर संबंधित संस्थाओं से चर्चा की गई है और जल्द ही व्यवस्था सुचारु हो जाएगी। वहीं नए बारदान के संबंध में उन्होंने कहा कि वर्तमान में जिले` सभी उपार्जन केंद्रों पर पुराने बारदान ही उपलब्ध कराए जा रहे हैं।

# डकैती की तैयारी का आरोपी को पकडा जो गुजरात मे फरारी काट रहा था, आरोपी 2021 से गुजरात में फरारी काट रहा था

संयुक्त लहर, प्रतिनिधि




पुलिस अधीक्षक धार श्री सचिन शर्मा के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक धार श्री विजय डावर एवं एसडीओपी कुक्षी श्री सुनिल गुप्ता के नेत्रत्व में थाना प्रभारी संजय कुमार रावत फरार ईनामी बदमाशों की धर पक्कड संपति सबंधी अपराधो मे फरार आरोपीयो की तलाश हेतु निर्देश दिये गये थे दिनांक 11.05.2026 को थाना टांडा को मुखबीर द्वारा सुचना मिली कि बस स्टेण्ड टाण्डा के यात्री प्रतिक्षालय के पास में स्थाई वारण्टी संजय पिता भुरला अलावा जाति भील निवासी पिपरानी का कही बाहर जाने के लिए बैठा है । संजय ने वर्ष 2020 मे अपने साथियो के साथ मिलकर टाण्डा बाग रोड इंडियन पेट्रोल पम्प के पिछे पिपल के झाड के निचे 8-10 बदमास रात मे देशी कट्टे फालिये व तलवार बैठकर शराब पी रहे है और पेट्रोल पम्प पर डकैती डालकर लुटने की योजना बना रहे है । उक्त घटना में आरोपीयो को गिरफ्तार कर थाने पर अपराध क्रमांक 155/2020 धारा 399,402 भादवी एवं धारा 25(बी),25(ए),27 आर्म्स एक्ट का कायम किया गया था जिसमें आरोपी संजय पिता भुरला निवासी पिपरानी को गिरफ्तार कर आरोपी के पास से एक नंगी तेज धारदार तलवार जप्त हुई थी आरोपी की जमानत पर होने से आरोपी संजय वर्ष 2021 से गुजरात में फरारी काट रहा था जिसे आज गिरफ्तार किया गया । आरोपी को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय पेश किया गया बांद जिला जैल अलिराजपुर मे दाखिल किया । उक्त बदमाशों को गिरफ्तार करने में थाना प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार रावत थाना टाण्डा व प्रआर. 29 प्रेमपालसिंह चौधरी , प्रआर. 810 बच्चुसिंह चौहान ,आरक्षक 955 दिलीप डुडवे म. आर. 898 चंदा डावर की सराहनीय भुमिका रही है।

# जैस्मीन भसीन बोलीं-सड़क पार करने से भी डर लगता था : खतरों के खिलाड़ी में नजर आएंगी





जैस्मीन भसीन टीवी इंडस्ट्री का वो चेहरा हैं, जिन्होंने अपने 'अनफिल्टर्ड' अंदाज से हर घर में अपनी जगह बनाई है। 'खतरों के खिलाड़ी' के पिछले सीजन में उनके रोने और डरने के बावजूद स्टंट पूरे करने के जज्बे को दर्शकों ने खूब सराहा था। अब जैस्मीन एक बार फिर 'डर के नए दौर' में कदम रखने जा रही अपनी जिंदगी के उन पन्नों को पलटा, जहां कभी वह सड़क पार करने से भी घबराती थीं। उन्होंने बताया कि कैसे एक प्रोटेक्टिव माहौल से निकलकर उन्होंने अपनी पहचान बनाई और आज उन्हें किस बात का सबसे बड़ा खौफ सताता है। साथ ही, अली गोनी के उस 'गुरु मंत्र' का भी जिक्र किया जो इस बार उनकी ढाल बनेगा। वाल: जैस्मीन, आप एक बार फिर 'डर के नए दौर' के लिए तैयार हैं। एक्साइटमेंट ज्यादा है या एंग्जायटी? जवाब: सच कहूंतो दोनों ही चरम पर हैं। मैं एक्साइटेड तो हूं, पर उतनी ही डरी हुई भी हूं। 'खतरों के खिलाड़ी' कोई छोटा खेल नहीं है। यहाँ हर बार खतरे नए होते हैं और चुनौतियां पहले से कहीं ज्यादा कठिन। मेरे पिछले सीजन में सबने देखा था कि मुझे डर बहुत ज्यादा लगता है, इसलिए अब जैसे-जैसे शो करीब आ रहा है, एंग्जायटी बढ़ती जा रही है। सवाल: जब आप पहली बार इस शो का हिस्सा बनी थीं, तब आपके फोबिया क्या थे? और इस बार क्या कुछ बदला है? जवाब: ऑनेस्टली कहूंतो जब मैं पहली बार गई थी, तब मैं सड़क पार करने तक से डरती थी। मैं बहुत ही प्रोटेक्टिव एनवायरमेंट में पली-बढ़ी हूं, जहाँ हर चीज के लिए कोई न कोई साथ होता था। उस समय हर चीज नई और डरावनी थी। आज भी हाइट और पानी के अंदर बिना ऑक्सीजन के रहने से डर लगता है। फोबिया खत्म नहीं हुए हैं, बस मैं उम्मीद कर रही हूं कि इस बार मैं उनसे बेहतर तरीके से निपट पाऊँगी। डर वही है, लेकिन आप फिर से जा रही हैं। क्या आप खुद को मेंटली ज्यादा स्ट्रॉन्ग महसूस कर रही हैं? जवाब: बिल्कुल। यह शो आपको एक अलग इंसान बना देता है। जब आप अपने डर का सामना करते हैं, तो आप अंदर से ज्यादा कॉन्फिडेंट होकर बाहर निकलते हैं। मुझे लगता है कि इस बार भी मुझे उस कॉन्फिडेंस की जरूरत है। मैं एक बार फिर खुद को परखना चाहती हूं। फैंस जानना चाहते हैं कि अली गोनी ने आपको इस बार क्या खास टिप्स दिए हैं? जवाब: ली ने बस एक ही बात कही है कि अपने आप पर भरोसा रखना। उन्होंने कहा, 'तुम जितनी खुद को समझती हो, उससे कहीं ज्यादा स्ट्रॉन्ग हो।' बस यही एक टिप मेरे लिए काफी है। आपकी एक 'अनफिल्टर्ड' इमेज है, आप जो सोचती हैं बोल देती हैं। क्या इस बार कोई फिल्टर लगाने की कोशिश करेंगी? जवाब: बिल्कुल नहीं। मैं जैसी हूं वैसी ही रहूंगी। मैं अपनी राय रखने और अपनी भावनाओं को जाहिर करने में कभी पीछे नहीं रहती। जो लोग मुझे जानते हैं और जो शो देख रहे हैं, वो मुझे मेरे असली रूप के लिए ही पसंद करते हैं। अब किसी और की तरह दिखने या बनने का कोई शौक नहीं है। 'आई लव द वे आई एम'। इस बार आपके साथ कई पुराने खिलाड़ी और वेटरन्स भी जा रहे हैं। कॉम्पिटिशन कितना कड़ा होने वाला है? जवाब: कॉम्पिटिशन बहुत जबरदस्त होने वाला है क्योंकि सब पूरी तैयारी के साथ आ रहे हैं।

## मेरे बच्चों को हिंदू धर्म के खिलाफ भड़काया जा रहा : सेलिना जेटली बोलीं- उन्हें कहीं छिपा दिया गया

बॉलीवुड एक्ट्रेस सेलिना जेटली ने मदर्स डे के मौके पर सेलिना ने एक बेहद इमोशनल नोट शेयर किया है। उन्होंने बताया कि उन्हें उनके बच्चों से दूर रखा जा रहा है और उनका धर्म परिवर्तन कराने की कोशिश हो रही है। दरअसल सेलिना जेटली और उनके पति पीटर हाग के बीच कानूनी विवाद चल रहा है। मुंबई पुलिस ने पीटर के खिलाफ घरेलू हिंसा, क्रूरता और छल के आरोपों में स्नढ्ढक्र दर्ज की है। जांच में सहयोग न करने की वजह से पुलिस ने पीटर के खिलाफ लुकआउट सर्कुलर भी जारी कर दिया है। ाादी के 15 सालों में उत्पीड़न का आरोप सेलिना ने साल 2010 में ऑस्ट्रियाई बिजनेसमैन पीटर हाग से शादी की थी। एक्ट्रेस का आरोप है कि शादी के तुरंत बाद ही उनके साथ दुर्व्यवहार और उत्पीड़न शुरू हो गया था। सेलिना ने बताया कि वह अपने पड़ोसियों की मदद से चुपचाप उस अपमान और डर के माहौल से बचकर निकली थीं। उनके मुताबिक, 15 साल की शादी में उनसे उनकी मेहनत की कमाई और प्रॉपर्टी छीनने की कोशिश की गई और उन्हें मानसिक रूप से प्रताड़ित किया गया। 'बच्चों को हिंदू धर्म के खिलाफ भड़काया जा रहा' एक्ट्रेस अपने बेटों विंस्टन और विराज से दूर रहने के कारण काफी टूटी हुई हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि पीटर ने बच्चों को किसी अनजान जगह पर छिपा दिया है। सेलिना ने अपने नोट में लिखा, 'ऑस्ट्रियाई कोर्ट के आदेश के बावजूद मुझे मेरे बच्चों से मिलने नहीं दिया जा रहा। उन्हें उनकी मां और हिंदू धर्म में उनकी आस्था के खिलाफ गुमराह कर कट्टरपंथी बनाया जा रहा है।'

## विराट के खिलाफ बयान देने के लिए पैसे ऑफर हुए



जर्मन मॉडल लिजलाज ने हाल ही में दावा किया कि विराट कोहली द्वारा कथित तौर पर उनकी फोटो लाइक करने के बाद कुछ पत्रकारों ने उन्हें क्रिकेटर के खिलाफ गलत बयान देने के लिए पैसे ऑफर किए थे। फिल्मीमंत्रा को दिए इंटरव्यू में लिजलाज ने बताया कि विराट कोहली द्वारा कथित तौर पर पोस्ट लाइक किए जाने के बाद उन्हें लगातार लोगों के फोन आने लगे। सभी यही कह रहे थे कि विराट ने उनकी पोस्ट लाइक की है। अपने फेवरेट क्रिकेटर विराट द्वारा कथित तौर पर उनकी तस्वीर लाइक किए जाने पर लिजलाज ने कहा, 'मैं इससे बहुत खुश थी और थोड़ा इमोशनल भी हो गई थी, लेकिन मुझे बिल्कुल उम्मीद नहीं थी कि ऐसा कुछ होगा। मुझे अलग-अलग मैगजीन से इतने सारे कॉल आने लगेंगे।' लिजलाज ने यह भी दावा किया, 'कुछ लोग आप पर ऐसी बातें बोलने का दबाव भी डालते हैं, जो आप कहना नहीं चाहते। कुछ पत्रकारों ने तो मुझे पैसे ऑफर किए ताकि मैं उनके (विराट कोहली) बारे में गलत बातें कहूं और ऐसे आरोप लगाऊं, जो उन्होंने कभी किए ही नहीं।' उन्होंने आगे कहा, 'लेकिन मैं ऐसा क्यों करूंगी मैंने खुद कहा था कि वो मेरे पसंदीदा क्रिकेटर हैं। फिर मैं पैसों के लिए उनके बारे में गलत बातें क्यों बोलूं मैं ऐसी इंसान नहीं हूं।' बता दें कि लिजलाज की फोटो क्लिक करने वाले फोटोग्राफर अद्वैत वैद्य ने पिछले महीने इंस्टाग्राम पर एक स्क्रीनशॉट शेयर कर दावा किया था कि विराट कोहली के आधिकारिक अकाउंट से लिजलाज की पुरानी फोटो लाइक की गई थी। अद्वैत ने इस पर एक वीडियो भी पोस्ट किया था। अद्वैत ने कैप्शन में लिखा था, 'इस पर कैसे रिएक्ट करें... जब तह्वञ्ज विराट कोहली, आपकी पोस्ट लाइक कर दें। मैं और लिजलाज अभी भी अपनी आंखें मलकर देख रही हैं कि ये सच में हो रहा है।

## सकल गुर्जर समाज महासभा मध्य प्रदेश के युवा तरुणाई उपाध्यक्ष राम गुर्जर को नियुक्त किया गया




1857 के महान क्रांतिकारी नायक धन सिंह कोतवाल सिंह गुर्जर की बलिदान दिवस क्रांति दिवस के रूप में बनाया मनाया गया । इस कार्यक्रम में गुर्जर समाज के युवाओं को नई दायित्व की जिम्मेदारी सौंपी गई है। सभी युवाओं को समाज हित में कार्य करने की सीख दी गई। वहीं महासभा के संयोजक रमेश गुर्जर व जिला अध्यक्ष सुनील गुर्जर ने इन्दौर युवा तरुणाई राम गुर्जर को सकल गुर्जर महासभा मध्यप्रदेश को उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया । सभी सामाजिक वरिष्ठजनों में संतोष गुर्जर, गौरी शंकर मुरलिया, ब्रजमोहन टाले, गुर्जर कमलेश चौधरी, आशीष गुर्जर ,हरिओम जी पाटिल सुबोध जी गुर्जर महेश टाले ,राजकुमार गुर्जर ,लोकेंद्र गुर्जर ,सुनील छलोत्रे आदि सभी ने बधाई व शुभकामनाएं दी हैं।

**हरिहर सिंह चौहान**
(संयुक्त लहर)

## कपिल शर्मा शो में सुनील पाल का आरोप



कॉमेडियन सुनील पाल ने द ग्रेट इंडियन कपिल शो में अपनी अपीयरेंस के बाद आरोप लगाया है कि शो के दौरान उन्हें 'टारगेट' किया गया और उनके कई अच्छे जोक्स को एडिट कर दिया गया। सुनील पाल हाल ही में वर्ल्ड लाफ्टर डे के मौके पर समय रैना और रणवीर अल्लाहबादिया के साथ कपिल के शो में नजर आए थे। सुनील बोले- मुझे अभिमन्यु की तरह घेरा गया एक हालिया इंटरव्यू में सुनील पाल ने शो के माहौल पर नाराजगी जाहिर की। उन्होंने कहा, 'वहां जो कुछ हुआ वह एकतरफा था। मुझे वहां अभिमन्यु की तरह घेर लिया गया था। कई लोगों ने गौर किया होगा कि लोग जानबूझकर मेरे जोक्स पर नहीं हंस रहे थे, जबकि समय रैना की छोटी-छोटी बातों पर भी बहुत ज्यादा रिएक्ट किया जा रहा था।' सुनील ने नवजोत सिंह सिद्धू के रिएक्शन पर भी सवाल उठाए, जिन्होंने समय रैना को 'अगला कपिल शर्मा' तक कह दिया था। '15 मिनट का एक्ट तैयार था, पर मौका नहीं मिला' सुनील पाल ने बताया कि उन्हें शो के लिए क्या ब्रीफ दिया गया था। उन्होंने कहा, 'मुझे बताया गया था कि यह एक स्टैंड-अप सेगमेंट होगा, इंटरव्यू नहीं। मैंने 15 मिनट का एक स्केच तैयार किया था, जिसे डायरेक्टर ने फाइनल भी किया था। लेकिन वहां पहुंचने के बाद पता चला कि मेरे साथ समय और रणवीर भी हैं। मुझे अपना स्टैंड-अप करने का मौका ही नहीं मिला और जो जोक्स मैंने मारे, उन्हें भी काट दिया गया।' सुनील का मानना है कि अर्चना पूरन सिंह का न हंसना भी इसी 'प्लानिंग' का हिस्सा था। गाली-गलौज और वल्गर इशारे एडिट करने का आरोप सुनील ने गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि शो के दौरान समय रैना ने कई अपशब्दों और वल्गर इशारों का इस्तेमाल किया था, जिन्हें नेटफ्लिक्स पर रिलीज होने से पहले एडिट कर दिया गया। सुनील को लगता है कि यह पूरा सेगमेंट पहले से फिक्स था। हालांकि, उन्होंने यह भी साफ किया कि ऑफ-कैमरा समय रैना उनके साथ बहुत सम्मान से पेश आते हैं और उनके पैर भी छूते हैं। समय रैना और सुनील पाल का पुराना विवाद सुनील पाल और समय रैना के बीच विवाद पिछले साल 'इंडियाज गॉट लेटेंट' शो के दौरान शुरू हुआ था। उस समय रणवीर अल्लाहबादिया के एक कमेंट पर मचे बवाल के बीच सुनील पाल ने समय रैना की कड़ी निंदा की थी और उन्हें 'आतंकवदी' तक कह दिया था।

# 'चेकिंग या वसूली?' बलवाड़ा थाने का वीडियो वायरल, पुलिस की साख पर उठे सवाल, सोशल मीडिया पर मचा बवाल, वायरल वीडियो ने खोली 'वर्दी वाली वसूली' की परतें

### निर्दोष युवक से कथित वसूली नहीं मिली तो सड़क पर बहस और हाथापाई

संयुक्त लहर, प्रतिनिधि

**खरगोन।** जिले के बलवाड़ा थाना क्षेत्र का एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल होने के बाद पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया है। सूत्रों के अनुसार वायरल वीडियो में चेकिंग के नाम पर पुलिसकर्मियों द्वारा एक निर्दोष व्यक्ति से कथित अवैध वसूली की मांग की जाती दिखाई दे रही है। जब संबंधित व्यक्ति ने पैसे देने से इंकार किया तो मामला बहस से शुरू होकर हाथापाई तक पहुंच गया। 'रोककर रकम मांगो, नहीं दो तो धौंस दिखाओ' वायरल वीडियो पर जनता में आक्रोश प्रत्यक्षदर्शियों और सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे वीडियो को लेकर आमजन में भारी नाराजगी देखी जा रही है। लोगों का कहना है कि यदि पुलिस चेकिंग के नाम पर आम नागरिकों से इस तरह व्यवहार करेगी तो जनता आखिर न्याय की उम्मीद किससे करेगी? वीडियो में कथित रूप से पुलिसकर्मियों का आक्रामक रवैया और व्यक्ति के साथ धक्का-मुक्की साफ दिखाई देने की चर्चा है। वीडियो वायरल होते ही कप्तान की कार्रवाई! सूत्रों की मानें तो मामला सोशल मीडिया पर तूल पकड़ने के बाद पुलिस अधीक्षक ने तत्काल संज्ञान लेते हुए बलवाड़ा टीआई को हटाने की कार्रवाई कर दी है। हालांकि विभाग की ओर से अभी तक कोई आधिकारिक विस्तृत बयान सामने नहीं आया है, लेकिन अंदरखाने इस घटनाक्रम को लेकर चर्चाओं का बाजार गर्म है। 'जनता की सुरक्षा या सड़क पर वसूली?' यह पूरा मामला एक बार फिर पुलिस कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े कर रहा है। क्या सड़क पर चल रही चेकिंग सुरक्षा के लिए होती है या फिर कुछ जगहों पर यह अवैध कमाई का जरिया बन चुकी है? यदि वायरल वीडियो की निष्पक्ष जांच होती है तो कई चौंकाने वाले खुलासे सामने आ सकते हैं। स्थानीय लोगों और सामाजिक संगठनों ने पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर संबंधित पुलिसकर्मियों पर सख्त कार्रवाई की मांग की है। लोगों का कहना है कि यदि वर्दी के नाम पर आम नागरिकों के साथ मारपीट और दबाव बनाया जाएगा तो कानून व्यवस्था पर जनता का भरोसा कमजोर होगा।




### ओंकारेश्वर जा रहे कांग्रेस प्रदेश सचिव ने देखा घटनाक्रम

बताया जा रहा है कि उसी दौरान कांग्रेस के प्रदेश सचिव प्रमोद चौधरी ओंकारेश्वर जाते समय वहां से गुजर रहे थे। जैसे ही उन्होंने पुलिसकर्मियों द्वारा युवक के साथ किया जा रहा कथित अभद्र व्यवहार देखा, वे तत्काल मौके पर पहुंचे और बीच-बचाव किया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार प्रमोद चौधरी ने पुलिसकर्मियों को फटकार लगाते हुए निर्दोष व्यक्ति को कथित प्रताड़ना से बचाया।

## पिकअप वाहनों पर खरगोन पुलिस की बड़ी कार्रवाई, 63 वाहनों के कटे चालान

संयुक्त लहर, प्रतिनिधि





**खरगोन।** पुलिस ने यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले पिकअप एवं लोडिंग वाहनों के खिलाफ विशेष अभियान चलाते हुए बड़ी कार्रवाई की है। यह अभियान यातायात दुर्घटनाओं में कमी लाने के उद्देश्य से पुलिस महानिरीक्षक इंदौर जोन के निर्देश पर संचालित किया जा रहा है। पुलिस अधीक्षक खरगोन श्री रविन्द्र वर्मा के निर्देशन में जिले के सभी थाना एवं चौकी प्रभारियों को अभियान के तहत सख्ती से कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए थे। इसी क्रम में पिछले दो दिनों के दौरान जिलेभर में सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान पिकअप एवं लोडिंग वाहनों में सवारी ढोने, ओवरलोडिंग और अन्य यातायात नियमों के उल्लंघन की जांच की गई। पुलिस ने 100 से अधिक पिकअप वाहनों की जांच करते हुए 63 वाहनों पर चालानी कार्रवाई की। इस दौरान कुल 46 हजार 500 रुपए का जुर्माना वसूला गया। पुलिस ने सभी वाहन चालकों को यातायात नियमों का पालन करने और मालवाहक वाहनों में सवारी नहीं बैठाने की सख्त हिदायत दी। खरगोन पुलिस ने स्पष्ट किया कि आमजन की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए इस तरह की कार्रवाई आगे भी लगातार जारी रहेगी।

## सम्पादकीय

# पैसे के साथ आपका रिश्ता कैसा है

हमारे जीवन में पैसे का क्या महत्व है क्या आपने कभी गौर किया है कि आप पैसे के बारे में किस तरह सोचते हैं क्या आप इसके बारे में लगातार चिंता करते हैं, क्या पार्टनर के साथ रोज पैसे को लेकर बहस होती है या आपको हमेशा यह लगता है कि 'पर्याप्त' पैसा नहीं है पैसे के साथ हर व्यक्ति का रिश्ता निजी और अलग होता है, लेकिन कुछ ऐसी मानसिकताएं हैं जो एक स्वस्थ वित्तीय जीवन के रास्ते में बाधा बनती हैं। आइए, इन पर गौर करें... नेटवर्थ को सेल्फ-वर्थ न समझें: कई लोग वित्तीय सफलता को इसलिए जरूरी मानते हैं क्योंकि उन्हें लगता है कि समाज उन्हें इसी तराजू में तौलेगा। इसके बिना उनका आत्मविश्वास डगमगाने लगता है। सच यह है कि पैसा कभी स्थायी मानसिक शांति नहीं दे सकता क्योंकि सफलता की परिभाषा हमेशा बदलती रहती है। पहचान, आत्म-सम्मान को बैंक बैलेंस से अलग रखें। आप क्या हैं और आपके पास क्या है, इन दोनों में फर्क करना सीखें। पैसा अकेलेपन या रिजेक्शन का इलाज नहीं कुछ लोग प्यार पाने या दूसरों को प्रभावित करने के लिए 'अत्यधिक उदार' बन जाते हैं। वे बिना सोचे-समझे कर्ज देते हैं। वापस मांगने में हिचकिचाते हैं। खुद को आकर्षक दिखाने के लिए फिजूलखर्ची करते हैं।

# संत सत्कार समिति ने किया 51 संतों का सम्मान, शहर के मध्य होगी 5 दिवसीय प्रवचन माला

**संयुक्त लहर, प्रतिनिधि**



**उज्जैन।** आगामी सिंहस्थ 2028 को दृष्टिगत रखते हुए संत सत्कार समिति की साधारण सभा मंगलनाथ रोड स्थित स्वामी रामानंद संत आश्रम में संपन्न हुई। इसमें 51 संतों का शॉल व पुष्पमाला से आत्मीय सम्मान किया गया तथा आगामी सिंहस्थ और धार्मिक आयोजनों को लेकर कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। संस्था के प्रवक्ता दीपक राजवानी एवं कार्यक्रम संयोजक रवींद्र मूले ने बताया कि बैठक महंत मुनिशरणदास जी महाराज के पावन सानिध्य और पर्यावरणविद श्याम माहेश्वरी की अध्यक्षता में हुई। दीप प्रज्वलन के साथ शुरू हुए कार्यक्रम में महाराजश्री ने अपने आशीर्वचन में कहा कि संत समाज के मार्गदर्शक हैं। उनके आशीर्वाद से ही समाज में धर्म, संस्कृति और सद्भाव का प्रसार होता है। अतिथि के रूप में श्री रामानंद संत आश्रम के ट्रस्टी अजय गिरिया, नगर निगम के पूर्व सभापति प्रकाश चित्तौड़ा, समाजसेवी राजेंद्र शर्मा गुरु, राजेंद्र शाह और विठ्ठल नागर मंचासीन थे। बैठक में लिए गए ये महत्वपूर्ण निर्णय: नवनारायण व सप्त सरोवर यात्रा: अधिक मास के दौरान समिति सदस्यों के लिए नवनारायण एवं सप्त सरोवर यात्रा का आयोजन किया जाएगा। गुरु पूर्णिमा व श्रावण मास आयोजन: परंपरानुसार इस वर्ष भी गुरु पूर्णिमा महोत्सव भव्य रूप से मनाया जाएगा। इसमें महानगर के सभी संतों का सम्मान होगा। वहीं, श्रावण मास में नमः शिवाय जाप का भव्य आयोजन किया जाएगा। पांच दिवसीय प्रवचन माला: सदस्यों के सुझाव पर पूर्व सिंहस्थों की व्यवस्था के अनुरूप इस बार भी शहर के मध्य किसी स्थान पर 5 दिवसीय प्रवचन माला आयोजित की जाएगी, ताकि शहरवासियों को बड़े संतों के प्रवचन का लाभ मिल सके। मातृशक्ति का हुआ बहुमान कार्यक्रम के दौरान संस्था की मातृशक्ति श्रीमती शोभा यादव को अंतरराष्ट्रीय संस्था श्री कृष्ण योगपीठ गोविंद मठ वृंदावन की राष्ट्रीय संयोजिका तथा श्रीमती दुर्गा यादव को प्रदेश संयोजिका नियुक्त होने पर संतों व अतिथियों द्वारा सम्मानित किया गया।

### आय-व्यय का ब्यौरा पारित

बैठक में संस्था सचिव भगवान शर्मा ने पिछली बैठक का विवरण तथा कोषाध्यक्ष ओम प्रकाश गुप्ता ने आय-व्यय का ब्यौरा प्रस्तुत किया, जिसे सभी सदस्यों ने सर्वसम्मति से पारित कर दिया। संचालन भगवान शर्मा ने किया एवं आभार रवींद्र मूले ने माना।

### इनकी रही उपस्थिति

इस अवसर पर संत-महंतों के साथ संस्था पदाधिकारी अरविंद जैन, श्रीमती सरोज अग्रवाल, डॉ. राकेश भार्गव, चिंतामण राठौड़, पराग काबरा, प्रकाश काबरा, नंदिनी जोशी, ओम पाटीदार, कैलाश जाट, चंद्रशेखर माहेश्वरी, चिराग शाह, दिनेश महाजन, हरिसिंह यादव, प्रवीण खंडेलवाल, वरुण गुप्ता, भूषण खुल्लर, दिनेश रावल, प्रदीप तिवारी, सुभाष दुबे, संजीव आचार्य, भगवती सालविया, शैलेंद्र कुशवाह, राजेश पंड्या, खेमजी भाई चंदन, राजेश घटिया, उमेश गुप्ता, अशोक मूंदड़ा, नरेंद्र कुशवाह और संजय शाह सहित बड़ी संख में सदस्य उपस्थित रहे।


# आईसीएआई का दो दिवसीय रिफ्रेशर कोर्स संपन्न, एनपीओ ऑडिट व नवीन नीतियों पर मंथन

**संयुक्त लहर, प्रतिनिधि**




**उज्जैन।** दि इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया की उज्जैन ब्रांच द्वारा हाटपिपलिया स्थित अनवाइंड रिसॉर्ट में दो दिवसीय रेजिडेंशियल रिफ्रेशर कोर्स का आयोजन किया गया। कोऑपरेशन एवं एनपीओ कमेटी के तत्वावधान में 9 व 10 मई को हुए इस कार्यक्रम में विशेषज्ञों ने महत्वपूर्ण विचार साझा किए। रिफ्रेशर कोर्स के दौरान विशेषज्ञों द्वारा कोऑपरेटिव संस्थाओं, एनपीओ ऑडिट, अनुपालन, अकाउंटिंग और नवीन नीतियों से जुड़े विभिन्न तकनीकी विषयों पर विस्तृत जानकारी दी गई। इस आयोजन में उज्जैन सहित विभिन्न शहरों से आए सीए सदस्यों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। ब्रांच चेयरमैन सीए आशीष तोतला ने बताया कि संगठन द्वारा समय-समय पर ऐसे शैक्षणिक कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। इनसे सदस्यों को नवीन विषयों और बदलते व्यावसायिक परिवेश की अद्यतन जानकारी प्राप्त होती है। इस तरह के आयोजन सीए सदस्यों के बीच समन्वय और व्यावसायिक नेटवर्किंग को भी मजबूत बनाते हैं। यह महत्वपूर्ण आयोजन आईसीएआई के सेंट्रल काउंसिल सदस्य सीए पंकज शाह और कोऑपरेशन एवं एनपीओ कमेटी के चेयरमैन के विशेष मार्गदर्शन व सहयोग से सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

# अपने सुपुत्र की तृतीय पुण्यतिथि पर एक पिता के भाव



आंसू बहा लेता हूं मैं.....।

दर्द बहुत है तेरे जाने के बाद,
हर पल दुखों का साया नजर आता है
टूट चुका हूँ मैं इतना, समझ में कुछ नहीं आता है,
अब बस तेरी यादों में 'आँसू' बहा लेता हूँ मैं...।

तेरे साथ बीते वह पल भी अजीब थे,
छोटी-छोटी 'उंगलियों' को पकड़ कर चलता था
साथी तू मेरा स्वाभिमान ही तो था, जो अब नहीं है,
अब बस तेरी यादों में 'आँसू' बहा लेता हूँ...।

छोटे से बड़ा करके में बेफ्रिक हो गया था,
मेरा आत्म-सम्मान सब कुछ, तेरे साथ ही तो था
पर एक आंधी आई और सब 'तबाह' कर गई,
अब बस तेरी यादों में 'आँसू' बहा लेता हूँ मैं...।

बहुत सपने देखे थे मैंने, मुझे गर्व था तेरे पर,
लेकिन समय के आगे किसी की नहीं चलती है।
यही सच है जीवन का, यह भी अलग रंग हैं, या बदरंग,
अब तो तेरी यादों में 'आँसू' बहा लेता हूँ मैं...॥

**हरिहर सिंह चौहान**
(संयुक्त लहर)

# मातृ दिवस पर सिंधी समाज ने देखी सिंधी फिल्म शल याद रखऊ

### वर्तमान परिवेश में दिया संयुक्त परिवार के महत्व का संदेश, सुशीला परयानी सहित मातृ शक्तियों का हुआ सम्मान

**संयुक्त लहर, प्रतिनिधि**



**उज्जैन।** मातृ दिवस (10 मई) के पावन अवसर पर शहर के पीवीआर में सामाजिक सिंधी फिल्म 'शल याद रखऊ' के तीन निशुल्क शो का भव्य आयोजन किया गया। आज के दौर में जहां एकाकी परिवारों का चलन बढ़ रहा है, वहीं इस फिल्म ने संयुक्त परिवार की महत्ता और पूरे परिवार को एकजुट रखने का एक बेहद प्रासंगिक व प्रेरणादायक संदेश दिया। सिंधी समाज के लोगों ने भारी संख्या में सपरिवार उपस्थित होकर इस संदेशपरक फिल्म का भरपूर आनंद लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन से किया गया। इस अवसर पर प्रमुख समाजसेवी महेश परयानी की माताजी श्रीमती सुशीला परयानी का पुष्पा कोटवानी, रिंकू बेलानी, स्वाति गजरानी, सुनीता कोटवानी, रेशमा गंगवानी, नीलम खत्री, वंदना, भारती सनमुखानी, वीना परसवानी, नेहा मोटवानी, माया मुलानी और वर्षा आडवाणी द्वारा शॉल व पुष्प भेंट कर सम्मान किया गया। इसके पश्चात उपस्थित अन्य सभी मातृ शक्तियों को भी सम्मानित किया गया। इस ऐतिहासिक आयोजन के संयोजक महेश परयानी थे। वहीं आयोजक मंडल में दीपक बेलानी, रमेश गजरानी, लोकेश आडवाणी, राजकुमार परसवानी, महेश गंगवानी, किशोर मुलानी, विनोद मुलानी, जवाहर सनमुखानी, कपिल बाशानी, विनोद लुल्ला, मोहन वासवानी, प्रताप रोहड़ा, शंकर नागदेव, सुनील खत्री, रमेश सामदानी, नितिन वासवानी, किशोर चंदनानी, होतचंद सेठिया, रवि डोधानी, धर्मेंद्र खूबचंदानी, हरीश टेकवानी, कमल शाहलानी, संजय लालवानी, नरेंद्र सबनानी, जेठा जयसिंघानी, सुरेश सनमुखानी, महेश कुकरेजा और तुलसी राजवानी शामिल रहे। कार्यक्रम में पीवीआर मैनेजर नीलेश कश्यप भी मौजूद रहे। आयोजन में फिल्म के निर्माता-निर्देशक प्रेम सावलानी विशेष रूप से उपस्थित थे। उनकी टीम द्वारा आयोजन के संयोजक महेश परयानी और आयोजक दीपक बेलानी का शॉल व दुपट्टे से सम्मान किया गया तथा सभी दर्शकों का आभार व्यक्त किया गया। दर्शकों ने संयुक्त परिवार के फायदों को दर्शाने वाली इस फिल्म की कहानी और आयोजन समिति के इस सफल प्रयास की भूरि-भूरि प्रशंसा की।

# काव्य गोष्ठीः 'माँ की चिंता में ही घर की दुआएं बसती हैं' सुनकर भावुक हुए श्रोता

### वर्तमान परिवेश में दिया संयुक्त परिवार के महत्व का संदेश, सुशीला परयानी सहित मातृ शक्तियों का हुआ सम्मान

**संयुक्त लहर, प्रतिनिधि**




**उज्जैन।** 'माँ की चिन्ता में ही घर की दुआएँ बसती हैं, बेटियों की आँखों में उसकी व्यथाएँ बसती हैं, बेटे चुप रहकर भी सहारा बन खड़े रहते हैं, बहुओं के स्नेह से ही घर में ऋचाएँ बसती हैं।' मदर्स डे के अवसर पर सरल काव्यांजलि संस्था द्वारा आयोजित मासिक गोष्ठी में जब डॉ. वंदना गुप्ता ने ये पंक्तियां पढ़ीं, तो पूरा माहौल मार्मिक हो उठा। गोष्ठी में अधिकांश रचनाकारों ने मां पर केंद्रित अपनी उत्कृष्ट रचनाओं का पाठ किया। संस्था के सचिव मानसिंह 'शरद' ने बताया कि कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रख्यात कला गुरु डॉ. श्रीकृष्ण जोशी ने की। प्रेमचंद सृजन पीठ के अध्यक्ष मुकेश जोशी, वरिष्ठ पार्षद डॉ. रवि राय और वरिष्ठ साहित्यकार जी.के. निगम बतौर अतिथि मंचासीन थे। कार्यक्रम का संचालन राजेंद्र देवधरे 'दर्पण' ने किया। पुस्तक समीक्षा व सम्मान गोष्ठी के दौरान डॉ. वसुधा गाडगिल के कहानी संग्रह 'रंग से रश्मियों तक' पर संतोष सुपेकर ने समीक्षा वाचन किया। इस अवसर पर 12 बार रक्तदान कर मानव जीवन बचाने वाले संस्था के वरिष्ठ सदस्य नितिन पोळ का विशेष सम्मान किया गया। इन रचनाकारों ने किया कविता पाठ कार्यक्रम में डॉ. सीमा पंड्या, आशागंगा शिरढ़ोणकर, डॉ. आर.पी. तिवारी, डॉ. नेत्रा रावणकर, डॉ. रफीक नागौरी, हर्ष सैनी, वी.एस. गहलोत 'साकित', तरुण उपाध्याय, अशोक रक्ताले, धनसिंह चौहान, मुंबई से वर्षा गर्ग, डॉ. विक्रम विवेक, हरदीप दायले, डॉ. एस.के. यादव और राजेश 'राज' ने अपनी कविताओं की प्रस्तुति दी। इससे पूर्व, अतिथियों का स्वागत अशोक रावणकर ने किया तथा सुगनचंद्र जैन ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत की। इस माह जन्म दिवस वाले सदस्यों का विशेष स्वागत किया गया। श्री नृसिंह इनानी ने राष्ट्रकवि श्रीकृष्ण 'सरल' की कविता 'शहीदों श्रद्धा सहित प्रणाम' का वाचन किया। हाल ही में दिवंगत हुए अमर शहीदों के पूजक और उज्जैन निवासी अभय मराठे को दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। अंत में आभार वी.एस. गहलोत ने माना।

# श्री हाटकेश्वर धामः समर कैंप में बच्चों ने दिखाई खेल प्रतिभा, 100 विद्यार्थियों को बांटी गई पठन सामग्री

**संयुक्त लहर, प्रतिनिधि**

**उज्जैन।** नागर ब्राह्मण समाज द्वारा श्री हाटकेश्वर धाम देवालय न्यास एवं मित्र मंडल के तत्वावधान में रविवार 10 मई को एक दिवसीय समर कैंप का आयोजन किया गया। संत शिरोमणि श्री नरसी मेहता की स्मृति में आयोजित इस सेवा प्रकल्प में नागर ब्राह्मण परिषद, महिला परिषद एवं युवा परिषद् ने सहभागिता की। शिविर में नर्सरी से दसवीं कक्षा तक के करीब 100 बालक-बालिकाओं ने विभिन्न खेलकूद प्रतियोगिताओं में उत्साहपूर्वक भाग लिया। हाटकेश्वर धाम हरसिद्धि के सचिव संतोष जोशी ने बताया कि संत पं. कमलकिशोर नागर की प्रेरणा से यह आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत अतिथियों द्वारा इष्टदेव भगवान श्री हाटकेश्वर महादेव एवं संत शिरोमणि नरसी मेहता के चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलन से हुई। स्वागत भाषण संजय नागर ने दिया और प्रकल्प की विस्तृत जानकारी संतोष जोशी ने रखी। मुख्य अतिथि सेवानिवृत्त संयुक्त संचालक शिक्षा संजय त्रिवेदी ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि जीवन में अपना लक्ष्य निर्धारित कर आगे बढ़ें, सफलता निश्चित मिलेगी। उन्होंने इस रचनात्मक आयोजन की प्रशंसा भी की। अतिथि के रूप में न्यास अध्यक्ष सुरेंद्र मेहता सुमन, उपाध्यक्ष पं. विजयप्रकाश मेहता, नागर ब्राह्मण परिषद अध्यक्ष विजय शर्मा, महिला मंडल अध्यक्ष नेहा प्रतिमा मेहता, युवा प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष विशाल नागर और महासचिव अतुल मेहता मंचासीन थे। महिला मंडल महासचिव सीमा आलोक नागर, राधा नागर, जाग्रति रावल, वंदना जोशी, आस्था जोशी, प्रियांशी जोशी, संजय जोशी, संजय नागर एवं विशाल मंडलोई के निर्देशन में खेलकूद प्रतियोगिताएं हुईं। बच्चों ने ड्राइंग, चम्मच रेस, बोरा रेस, चेयर रेस और सामान्य ज्ञान प्रश्नोत्तरी में हिस्सा लिया।

# हुसैन अहमद शान की याद में ऑल इंडिया मुशायराः सुबह पौने छह बजे तक गूंजीं गजलें

**संयुक्त लहर, प्रतिनिधि**

**उज्जैन।** मरहूम उस्ताद शायर हुसैन अहमद शान की याद में उज्जैन मुशायरा कमेटी द्वारा आयोजित ऑल इंडिया मुशायरा (नशिस्त) गरिमापूर्ण सफलता के साथ संपन्न हुआ। मदारगेट स्थित रफीक शादमानी हॉल में आयोजित इस कार्यक्रम में देश के ख्यातनाम शायरों ने अपने कलाम से ऐसा समां बांधा कि मुशायरा सुबह 5:45 बजे तक चलता रहा। गौरतलब है कि उज्जैन मुशायरा कमेटी वर्ष 1991 से लगातार एटलस चौराहे पर मुशायरे का आयोजन करती आ रही है, जो देश के कामयाब मुशायरों में शुमार है। संस्था सदस्य भुरू शेख ने बताया कि कार्यक्रम की अध्यक्षता कोटा के वहीद भाई ने की। मुख्य अतिथि शहर काजी खलीकुर्रहमान थे। विशिष्ट अतिथि के रूप में बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष पं. योगेश व्यास, नेता प्रतिपक्ष डॉ. रवि राय, इंदौर के वरिष्ठ पत्रकार परवेज इकबाल, जज्बा अध्यक्ष इंजी. सरफराज कुरैशी, रफीक कुरैशी, एडवोकेट जाहिद नूर खान, पार्षद फिरोज पठान, मुजीब भाई सुपारी वाले, संपादक शादाब लाला, पूर्व पार्षद जफर सिद्दीकी, सलीम भाई कबाड़ी, युवा उद्योगपति समीर उल हक, हाजी फहीम सिकंदर, रागिब हाशमी और कादर भाई ठेकेदार मौजूद रहे। कन्वीनर शकील पटवारी ने बताया कि मुशायरे की निजामत तराना के नईम आफताब ने की। इस दौरान देश के प्रसिद्ध शायर नईम अख्तर खादमी बुरहानपुर, आदिल रशीद दिल्ली, दीपक जैन गुना, इब्राहिम अली जीशान जयपुर, इकबाल युसूफ लखनऊ, इकबाल जफर बुरहानपुर, बद्र मुनीर इंदौर, तजदीद साकी इंदौर, कमर साकी धार और अय्यूब आसिम रूनिजा ने अपने कलाम पेश किए। स्थानीय शायरों में इकबाल परवाजी, शबनम अली, रईस पानबिहारी, सुर्खाब बशर, मलंग खान मलंग, जावेद बेग और अंसार अहमद अंसार ने भी शानदार प्रस्तुतियां दीं। पहले सत्र में अतिथियों के स्वागत के साथ ही मरहूम शायर हुसैन अहमद शान के पुत्र जमीर अहमद का शॉल, पुष्पहार और सम्मान पत्र देकर बहुमान किया गया। स्वागत समारोह का संचालन नईम खान ने किया। दूसरे सत्र का आगाज शायर परवेज इकबाल ने नात-ए-पाक से किया। अब्दुल हाशिम मंसूरी और पत्रकार रशीद खान के अनुसार कार्यक्रम में रईस अहमद सिद्दीकी, दिलशाद कुरैशी, सैयद साबिर अली, मुहम्मद साहब, टुन्नू भाई, सोहेल कुरैशी, जाकिर खान, वाजिद खान, पत्रकार आरिफ खान, फैज जाफरी, मंसूर कुरैशी, डॉ. साजिद खान, जहूर लाला और बंटू जाफरी आदि ने विशेष उपस्थिति दर्ज कराई।



# कुकर में एक साथ बनाएं दाल-चावल, 15 मिनट में तैयार होगा पूरा खाना

कुकर में दाल और चावल एक साथ बनाने के लिए नीचे दाल और ऊपर स्टैंड पर चावल का बर्तन रखें। सही मात्रा में पानी डालकर 3-4 सीटी आने तक पकाएं। इससे गैस और समय दोनों की बचत होती है और खाना जल्दी तैयार हो जाता है। आज की भागदौड़ भरी जिंदगी में हर कोई चाहता है कि खाना जल्दी तैयार हो जाए और ज्यादा मेहनत भी न लगे। खासकर कामकाजी लोगों और गृहिणियों के लिए रोजाना दाल-चावल बनाना एक जरूरी लेकिन समय लेने वाला काम होता है। ऐसे में अगर कोई ऐसा तरीका मिल जाए जिससे दाल और चावल दोनों एक साथ बन जाएं, तो इससे समय और गैस दोनों की काफी बचत हो सकती है। बहुत कम लोग जानते हैं कि प्रेशर कुकर का सही इस्तेमाल करके आप एक ही समय में स्वादिष्ट दाल और चावल तैयार कर सकते हैं। यह तरीका न सिर्फ आसान है बल्कि बिजली और गैस की खपत भी कम करता है। यही वजह है कि आजकल सोशल मीडिया और किचन हैक्स में यह ट्रिक तेजी से वायरल हो रही है। अगर आपके घर में रोज दाल-चावल बनते हैं, तो यह तरीका आपके लिए बेहद फायदेमंद साबित हो सकता है। इसमें ज्यादा बर्तन भी गंदे नहीं होते और खाना जल्दी तैयार हो जाता है। यहां जानिए कुकर में एक साथ दाल और चावल बनाने का सबसे आसान और सही तरीका, जिससे आपका काम मिनटों में पूरा हो जाएगा। दाल और चावल बनाने से पहले इन्हें 2-3 बार साफ पानी से धोना जरूरी है। इससे धूल और अतिरिक्त स्टार्च निकल जाता है। आप अरहर, मूंग या मसूर दाल का इस्तेमाल कर सकते हैं। वहीं चावल को 10 मिनट भिगोकर रखने से वह जल्दी और अच्छे से पकते हैं। सबसे पहले कुकर में दाल डालें और उसमें हल्दी, नमक और जरूरत के अनुसार पानी मिलाएं। अब एक स्टैंड रखें और उसके ऊपर स्टील का बर्तन रख दें। इस बर्तन में चावल और पानी डालें। ध्यान रखें कि चावल वाले बर्तन में पानी सही मात्रा में हो ताकि चावल खिले-खिले बनें। अगर आप अरहर या चना दाल बना रहे हैं तो 3-4 सीटी काफी होती हैं। मूंग और मसूर दाल जल्दी पक जाती हैं, इसलिए 2-3 सीटी में काम हो सकता है। मध्यम आंच पर पकाने से दाल और चावल दोनों अच्छे से तैयार होते हैं और जलने का डर भी नहीं रहता। दाल पकने के बाद उसमें घी, जीरा, लहसुन और हरी मिर्च का तड़का लगाएं। इससे स्वाद कई गुना बढ़ जाता है। अगर चाहें तो ऊपर से हरा धनिया डाल सकते हैं। गर्मागर्म दाल-चावल के साथ पापड़ और अचार खाने का मजा ही अलग होता है। एक साथ दाल और चावल बनाने से गैस की बचत होती है और किचन में समय भी कम लगता है। कम बर्तन इस्तेमाल होने की वजह से सफाई का काम भी आसान हो जाता है। यही कारण है कि आजकल यह तरीका छोटे परिवारों और कामकाजी लोगों के बीच काफी लोकप्रिय हो रहा है।

## गर्मियों में आम से बनाएं ये 5 डिश, हर कोई पूछेगा रेसिपी

आम से कौन-कौन सी अलग डिश बनाई जा सकती हैं? आम से मैंगो सालसा, आम की खीर, मैंगो पुलाव, आम का पना पास्ता और मैंगो कुल्फी जैसी स्वादिष्ट और अनोखी डिश बनाई जा सकती हैं, जो गर्मियों में खास पसंद की जाती हैं। गर्मियों का मौसम आते ही बाजारों में आम की बहार छा जाती है। फलों का राजा कहलाने वाला आम स्वाद के साथ ही कई तरह की रेसिपी में उपयोग होनेके लिए जाना जाता है। आम का नाम आते ही सबसे पहले दिमाग में आमरस, मैंगो शेक या चटनी का ख्याल आता है, लेकिन क्या आप जानते हैं कि आम से कई ऐसी शानदार और अनोखी डिश भी बनाई जा सकती हैं, जो आपके खाने का स्वाद कई गुना बढ़ा दें?आज के समय में लोग कुछ नया और अलग ट्राय करना पसंद करते हैं, खासकर जब बात खाने की हो।

**मैंगो सालसा**

अगर आप कुछ हल्का और हेल्दी खाना चाहते हैं, तो मैंगो सालसा एक बेहतरीन विकल्प है। इसमें कटे हुए आम, प्याज, टमाटर, हरी मिर्च और नींबू का रस मिलाकर तैयार किया जाता है। यह डिश खासकर स्नैक्स या नाचोज के साथ बहुत पसंद की जाती है। इसका खट्टा-मीठा स्वाद हर किसी को भा जाता है।

**आम का पुलाव**

आम का पुलाव सुनने में भले ही अलग लगे, लेकिन इसका स्वाद बेहद शानदार होता है। इसमें बासमती चावल के साथ पके हुए आम के टुकड़े, हल्के मसाले और ड्राई फ्रूट्स डाले जाते हैं। यह डिश मीठे और नमकीन का परफेक्ट कॉम्बिनेशन है।

**मैंगो पास्ता**

इटैलियन ट्विस्ट के साथ आम का स्वाद मिलाकर मैंगो पास्ता आजकल काफी ट्रेंड में है। इसमें क्रीमी मैंगो सॉस तैयार करके पास्ता में मिलाया जाता है। इसका फ्लेवर बच्चों से लेकर बड़ों तक सभी को पसंद आता है।

**आम की कुल्फी**

गर्मियों में ठंडी-ठंडी आम की कुल्फी से बेहतर कुछ नहीं हो सकता। दूध, क्रीम और आम के गूदे से तैयार यह कुल्फी बाजार वाली कुल्फी को भी टक्कर देती है। इसे घर पर बनाना आसान और हेल्दी भी है।

# भीषण गर्मी में भी खराब नहीं होंगे ये 5 टिफिन आइडियाज, सुबह बनाएं शाम तक रहें फ्रेश

गर्मी में कौन-सा लंच जल्दी खराब नहीं होता? भीषण गर्मी में सूखा खाना सबसे ज्यादा सुरक्षित माना जाता है। मसाला पराठा, बेसन चीला, सत्तू पराठा, वेज पुलाव और इडली जैसे फूड आइटम कम नमी होने के कारण लंबे समय तक फ्रेश रहते हैं। टिफिन पैक करने से पहले खाने को पूरी तरह ठंडा करना भी जरूरी है। गर्मी का मौसम आते ही सबसे बड़ी परेशानी होती है टिफिन में रखें भोजन का लंबे समय तक ताज़ा रखना। दफ्तर, स्कूल या सफर के दौरान कई बार खाना कुछ घंटों में ही खराब होने लगता है, जिससे स्वाद भी बिगड़ता है और स्वास्थ्य पर भी असर पड़ सकता है। खासकर मई-जून की भीषण गर्मी में दही, क्रीम, ग्रेवी या ज्यादा मसालेदार चीजें जल्दी खराब हो जाती हैं। ऐसे में हर घर में यही सवाल रहता है कि



आखिर टिफिन में क्या रखें जो स्वादिष्ट भी हो, हेल्दी भी और लंबे समय तक फ्रेश भी बना रहे। अगर आप भी रोज-रोज एक ही तरह का सूखा खाना पैक करके परेशान हो चुके हैं, तो अब चिंता छोड़ दीजिए। यहां आपको कुछ ऐसी टिफिन रेसिपीज़ बताई जा रही हैं, जो तेज गर्मी में भी जल्दी खराब नहीं होतीं। ये रेसिपीज बच्चों से लेकर बड़ों तक सभी को पसंद आएंगी और इन्हें बनाना भी बेहद आसान है। अगर आप चाहते हैं कि आपका टिफिन स्वाद और सेहत दोनों में नंबर वन रहे, तो ये आइडियाज आपके बहुत काम आने वाले हैं। भीषण गर्मी में सबसे सुरक्षित टिफिन विकल्प माना जाता है मसाला पराठा। इसमें कम नमी होती है, जिससे यह जल्दी खराब नहीं होता। आप आटे में अजवाइन, नमक, हल्दी और थोड़ा सा तेल डालकर पराठा बना सकते हैं। इसके साथ सूखी आलू भुजिया रखें, जिसमें प्याज और टमाटर कम इस्तेमाल करें। यह कॉम्बिनेशन 6-7 घंटे तक आसानी से फ्रेश रहता है।

**वेज पुलाव और भुनी मूंगफली**


अगर आप कुछ हल्का लेकिन पेट भरने वाला खाना चाहते हैं, तो वेज पुलाव बेस्ट रहेगा। इसमें ज्यादा ग्रेवी नहीं होती और यह लंबे समय तक खराब नहीं होता। पुलाव में बीन्स, गाजर और मटर जैसी सब्जियां डालें और साथ में भुनी हुई मूंगफली रखें। इससे स्वाद भी बढ़ेगा और प्रोटीन भी मिलेगा। ध्यान रखें कि पुलाव पूरी तरह ठंडा होने के बाद ही पैक करें। बेसन से बनी चीजें गर्मी में अपेक्षाकृत ज्यादा सुरक्षित मानी जाती हैं। आप बेसन चीला बनाकर उसमें सूखी सब्जियां रोल की तरह भर सकते हैं। यह बच्चों के टिफिन के लिए भी परफेक्ट विकल्प है। बेसन में मौजूद प्रोटीन शरीर को ऊर्जा देता है और यह लंबे समय तक पेट भरा रखता है। इसे हरी चटनी की जगह सूखी लहसुन चटनी के साथ रखें। साउथ इंडियन फूड में इडली सबसे हल्का और सुरक्षित टिफिन माना जाता है। हालांकि नारियल की गीली चटनी जल्दी खराब हो सकती है, इसलिए सूखी नारियल चटनी का इस्तेमाल करें। इडली पेट के लिए हल्की होती है और गर्मी में पाचन भी बेहतर रखती है। बच्चों और दफ्तर जाने वालों दोनों के लिए यह शानदार विकल्प है। बिहार और यूपी में गर्मी के मौसम में सत्तू बेहद लोकप्रिय माना जाता है। सत्तू पराठा लंबे समय तक खराब नहीं होता और शरीर को ठंडक भी देता है। इसमें प्याज कम रखें और अचार के साथ सर्व करें। सत्तू में भरपूर फाइबर और प्रोटीन होता है, जिससे दिनभर एनर्जी बनी रहती है।

## चौथी बार एक सीजन में पूरे किए 20 विकेट; पीओटीएम अवॉर्ड जीतकर बोले- अनुशासन ही असली ताकत

भुवनेश्व कुमार ने मुंबई इंडियंस के खिलाफ चार विकेट झटके और आरसीबी की जीत में अहम भूमिका निभाई। इस शानदार प्रदर्शन के साथ उन्होंने आईपीएल इतिहास में चौथी बार एक सीजन में 20 या उससे ज्यादा विकेट लेने का रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के अनुभवी तेज गेंदबाज भुवनेश्वर कुमार ने रविवार को मुंबई इंडियंस के खिलाफ शानदार गेंदबाजी करते हुए इतिहास रच दिया। भुवनेश्वर ने अपने चार ओवर के स्पेल में महज 23 रन देकर चार विकेट झटके। इस प्रदर्शन के साथ उन्होंने आईपीएल 2026 में अपने 20 विकेट पूरे कर लिए। इसके साथ ही वह आईपीएल इतिहास में चौथी बार किसी एक सीजन में 20 या उससे अधिक विकेट लेने वाले गेंदबाज बन गए। भुवनेश्वर कुमार अब आईपीएल में सबसे ज्यादा बार एक सीजन में 20 विकेट लेने वाले गेंदबाजों की सूची में संयुक्त रूप से दूसरे स्थान पर पहुंच गए हैं। उन्होंने यह उपलब्धि इससे पहले 2014, 2016 और 2017 में हासिल की थी। इस मामले में उन्होंने लसिथ मलिंगा और जसप्रीत बुमराह की बराबरी कर ली है, जिन्होंने भी चार-चार बार यह उपलब्धि हासिल की है। इस मामले में शीर्ष पर युजवेंद्र चहल हैं, जिन्होंने पांच अलग-अलग आईपीएल सीजन में 20 विकेट पूरे किए हैं। 36 वर्षीय भुवनेश्वर कुमार का आईपीएल करियर भी बेहद शानदार रहा है। उन्होंने अब तक 201 मुकाबलों में 219 विकेट हासिल किए हैं। दो बार उन्होंने एक पारी में पांच विकेट लेने का कारनामा भी किया है। भुवनेश्वर कुमार की अगुवाई में गेंदबाजों के घातक प्रदर्शन और क्रुणाल पांड्या की तूफानी बल्लेबाजी के दम पर रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) ने मुंबई इंडियंस को दो विकेट से हरा दिया। रविवार को रायपुर में खेले गए मुकाबले में टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी मुंबई ने तिलक वर्मा की अर्धशतकीय पारी की मदद से 20 ओवर में सात विकेट पर 166 रन बनाए। जवाब में आरसीबी ने निर्धारित ओवरों में आठ विकेट खोकर 167 रन बनाए और मुकाबला अपने नाम कर लिया। मुंबई के लिए इस मैच में कॉर्बिन बॉश ने चार और दीपक चाहर ने दो विकेट लिए जबकि गजनफर और राज बावा के नाम एक-एक विकेट रहा। शानदार गेंदबाजी प्रदर्शन के लिए भुवनेश्वर कुमार को प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। मैच के बाद उन्होंने कहा कि उनके लिए मोटिवेशन से ज्यादा अनुशासन मायने रखता है। उन्होंने कहा, 'मेरे लिए मोटिवेशन बहुत ओवररेटेड शब्द है।

# अपनी प्रैक्टिस छोड़ सीएसके का मैच देखने लगे विराट कोहली

चेन्नई सुपर किंग्स के उर्विल पटेल ने आईपीएल 2026 में लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ सिर्फ 13 गेंदों में अर्धशतक जड़कर इतिहास रच दिया। उनकी विस्फोटक बल्लेबाजी देखने के लिए विराट कोहली भी अपना अभ्यास रोककर मैच देखने लगे। उर्विल ने अपनी पारी पिता को समर्पित की। आईपीएल 2026 में चेन्नई सुपर किंग्स के युवा बल्लेबाज उर्विल पटेल ने ऐसी तूफानी पारी खेली, जिसे देखकर विराट कोहली भी खुद को रोक नहीं सके। लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ उर्विल ने सिर्फ 13 गेंदों में अर्धशतक जड़ दिया, जो आईपीएल इतिहास की संयुक्त सबसे तेज फिफ्टी है। इसी दौरान रायपुर में मुंबई इंडियंस के खिलाफ मुकाबले की तैयारी कर रहे विराट कोहली अभ्यास सत्र में थे। वायरल वीडियो में दिखा कि ड्रिंक्स ब्रेक के दौरान विराट ने ट्रेनिंग रोकी और उर्विल की बल्लेबाजी देखने लगे। चेन्नई को



204 रन का बड़ा लक्ष्य मिला था। संजू सैमसन के आउट होने के बाद उर्विल पटेल चौथे ओवर में बल्लेबाजी करने उतरे। शुरुआत सिंगल से करने के बाद उन्होंने अगली ही ओवर में आवेश खान पर लगातार तीन छक्के जड़ दिए। इसके बाद दिग्वेश राठी गेंदबाजी पर आए, लेकिन उर्विल ने उन पर भी कहर बरपाया। उन्होंने लगातार चार गेंदों पर बाउंड्री लगाई, जिसमें तीन छक्के और एक चौका शामिल था। अगला ओवर मोहम्मद शमी लेकर आए, लेकिन उर्विल ने उन पर भी हमला जारी रखा। उन्होंने एक और छक्का जड़ा और ओवर की आखिरी गेंद पर एक रन लेकर 13 गेंदों में अर्धशतक पूरा कर लिया। इस तरह उन्होंने यशस्वी जायसवाल के सबसे तेज आईपीएल अर्धशतक के रिकॉर्ड की बराबरी कर ली। अर्धशतक पूरा करने के बाद उर्विल का जश्न भी खास रहा। उन्होंने जेब से एक पर्ची निकाली, जिस पर लिखा था- यह आपके लिए है, पापा। यह दृश्य सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो गया और फैंस ने इसे भावुक पल बताया। उर्विल पटेल की विस्फोटक पारी नौवें ओवर में खत्म हुई।

## मुंबई पर जीत के बाद टिम डेविड ने किया अभद्र इशारा आरसीबी स्टार का वीडियो मचा रहा बवाल

मुंबई इंडियंस पर आखिरी गेंद पर जीत के बाद आरसीबी बल्लेबाज टिम डेविड का एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। वीडियो में दावा किया जा रहा है कि उन्होंने मुंबई इंडियंस की ओर मिडिल फिंगर इशारा किया। हालांकि वीडियो की पुष्टि नहीं हुई है। इस बीच आरसीबी ने रोमांचक मुकाबले में मुंबई को हराकर अंक तालिका में शीर्ष स्थान हासिल कर लिया। आईपीएल 2026 में मुंबई इंडियंस और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के बीच खेले गए रोमांचक मुकाबले के बाद अब एक नया विवाद सामने आ गया है। आरसीबी के बल्लेबाज टिम डेविड का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, जिसमें दावा किया जा रहा है कि उन्होंने मुंबई इंडियंस की ओर मिडिल फिंगर का इशारा किया। हालांकि अभी तक इस वीडियो की आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है और यह भी साफ नहीं है कि यह वीडियो उसी मुकाबले का है या नहीं। टिम डेविड पहले मुंबई इंडियंस के लिए खेल चुके हैं। उन्होंने तीन सीजन तक रब्बु का हिस्सा रहते हुए कई अहम पारियां खेली थीं। बाद में 2025 ऑक्शन में आरसीबी ने उन्हें अपनी टीम में शामिल किया। ऐसे में मुंबई इंडियंस के खिलाफ जीत उनके लिए भावनात्मक तौर पर खास मानी जा रही है। यही वजह है कि जीत के बाद उनका रिएक्शन चर्चा में आ गया। हालांकि टिम डेविड बल्ले से कोई योगदान नहीं दे सके। वह पहली ही गेंद पर आउट होकर गोल्डन डक का शिकार बने। इसके बावजूद वह पूरे मैच के दौरान डगआउट से टीम का उत्साह बढ़ाते नजर आए। आखिरी गेंद पर जीत मिलते ही आरसीबी कैंप खुशी से झूम उठा। वीडियो सामने आने के बाद सोशल मीडिया पर फैंस दो हिस्सों में बंट गए हैं। कुछ लोग इसे मजाकिया रिएक्शन बता रहे हैं, जबकि कई फैंस इसे खेल भावना के खिलाफ मान रहे हैं। अगर वीडियो सही पाया जाता है, तो लीग प्रबंधन इस मामले पर संज्ञान ले सकता है। हालांकि फिलहाल कोई आधिकारिक बयान सामने नहीं आया है।

## आरसीबी ने मुंबई को दो विकेट से हराया, क्रुणाल पांड्या का शानदार अर्धशतक

रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) ने मुंबई इंडियंस को दो विकेट से हरा दिया। रविवार को खेले गए मुकाबले में मुंबई ने 166 रन बनाए, जवाब में आरसीबी ने आठ विकेट खोकर 167 रन बनाए और मुकाबला अपने नाम कर लिया। आरसीबी ने मुंबई को हराया रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) ने मुंबई इंडियंस को दो विकेट से हरा दिया। रविवार को रायपुर में खेले गए मुकाबले में टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी आरसीबी ने तिलक वर्मा की अर्धशतकीय पारी की मदद से 20 ओवर में सात विकेट पर 166 रन बनाए। जवाब में आरसीबी ने क्रुणाल पांड्या की अर्धशतकीय पारी की मदद से निर्धारित ओवरों में आठ विकेट पर 167 रन बनाए और मुकाबला अपने नाम कर लिया। मुंबई के लिए कॉर्बिन बॉश ने चार और दीपक चाहर ने दो विकेट लिए जबकि गजनफर और राज बावा के नाम एक-एक विकेट रहा। आरसीबी को सातवां झटका गजनफर ने दिया। उन्होंने क्रुणाल पांड्या को तिलक वर्मा के हाथों कैच कराया। वह 46 गेंदों में 73 रन बनाकर आउट हुए। अब रोमारियो शेफर्ड का साथ देने रसिख सलाम डार आए हैं।

# जयवर्धने ने इस सवाल पर दिया बड़ा बयान, सीनियर प्लेयर्स को लेकर तोड़ी चुप्पी

मुंबई इंडियंस के कोच महेला जयवर्धने ने टीम के खराब प्रदर्शन और सीनियर खिलाड़ियों को बेंच करने पर उठे 'पॉलिटिक्स' के सवालों पर खुलकर जवाब दिया। उन्होंने साफ कहा कि टीम में कोई राजनीति नहीं थी और ज्यादातर बदलाव चोटों के कारण हुए। जयवर्धने ने माना कि टीम इस सीजन में प्रदर्शन और निरंतरता के मामले में कमजोर रही। आईपीएल 2026 में मुंबई इंडियंस का सफर खत्म होने के बाद टीम के कोच महेला जयवर्धने को कठिन सवालों का सामना करना पड़ा। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ आखिरी गेंद पर मिली हार ने पांच बार की चैंपियन टीम को प्लेऑफ की दौड़ से बाहर कर दिया। इस हार के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में जयवर्धने से टीम के प्रदर्शन, लगातार बदलाव और सीनियर खिलाड़ियों को बेंच करने को लेकर राजनीति जैसे मुद्दों पर सवाल पूछे गए। जयवर्धने ने पूरे सीजन के प्रदर्शन को निराशाजनक बताया। उन्होंने स्वीकार किया कि टीम मौके मिलने के बावजूद उन्हें भुना नहीं सकी। उन्होंने कहा, 'यह सीजन निराशाजनक रहा। हमें मौके मिले, लेकिन हम पर्याप्त अच्छे नहीं थे। गेंदबाजी और बल्लेबाजी दोनों में निरंतरता की कमी रही और यही फर्क बन गया। हम प्लेऑफ की दौड़ में रहने के लिए दो-तीन जीत दूर थे, लेकिन हम वो जीत हासिल नहीं कर पाए। आज का मैच भी इसका उदाहरण है, जहां हम थोड़ा पीछे रह गए।' जयवर्धने ने कहा, 'अभी पूरे सीजन का आकलन करना मुश्किल है। मुझे इस पर सोचने की जरूरत है कि आखिर कहां गलती हुई। लेकिन हां, हम अपने कौशल और निष्पादन में इस सीजन बेहतर नहीं थे।' मुंबई इंडियंस इस सीजन में बार-बार अपनी प्लेइंग इलेवन बदलती नजर आई, जो टीम की पहचान के विपरीत है। हालांकि, जयवर्धने ने साफ किया कि ये बदलाव रणनीतिक कम और मजबूरी ज्यादा थे। उन्होंने कहा, 'मुझे नहीं लगता कि यह लगातार बदलाव था। शायद आप लोग नहीं जानते कि हमारे पास कई चोटें और फिटनेस समस्याएं थीं। खिलाड़ी चोटिल हो रहे थे या उपलब्ध नहीं थे, इसलिए हमें बदलाव करने पड़े। रणनीतिक रूप से हमने बहुत कम बदलाव किए। मैं चाहता था कि हमारे मुख्य खिलाड़ी लगातार खेलें, लेकिन ऐसा हो नहीं पाया।' उन्होंने साथ ही यह भी माना कि टीम के पास अच्छी स्क्वॉड होने के बावजूद प्रदर्शन उम्मीद के मुताबिक नहीं रहा। सीजन के दौरान कई सीनियर खिलाड़ियों का फॉर्म खराब रहा, लेकिन टीम मैनेजमेंट ने उन पर भरोसा बनाए रखा।

# हल्दी से दुल्हन के होंठ सूजे, दूल्हा वेंटिलेटर पर

## इंदौर में हफ्ते भर में ऐसे 4-5 मामले आए; डॉक्टर बोले- मिलावटी हल्दी बिक रही

संयुक्त लहर, प्रतिनिधि





**इंदौर।** बाजार में बिक रही मिलावटी हल्दी शादियों की खुशियों में जहर घोल रही है। इंदौर के सरकारी अस्पताल एमवाई में हाल ही में ऐसे मामले सामने आए, जहां हल्दी की रस्म के दौरान दूल्हा-दुल्हन गंभीर रूप से बीमार पड़ गए। एक मरीज को वेंटिलेटर पर रखना पड़ा, जबकि अन्य को आईसीयू में भर्ती करना पड़ा। खरगोन जिले के कसरावद की रहने वाली राखी (21) की शादी की खुशियां उस वक्त चिंता में बदल गईं, जब हल्दी लगाने के कुछ देर बाद उनके शरीर पर लाल चकत्ते उभर आए। चेहरे और होंठों पर सूजन आ गई। उन्हें सांस लेने में तकलीफ होने लगी। परिजन ने बताया कि उन्होंने हल्दी रस्म के लिए बाजार से सस्ती और खुली हल्दी खरीदी थी। दूधिया निवासी 35 वर्षीय गोलू को भी हल्दी की रस्म के बाद अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा। उन्हें गंभीर एलर्जी रिएक्शन हुआ, जिससे फेफड़ों पर दबाव बढ़ गया और जान पर बन आई। पिछले एक हफ्ते में रूड्ड में हल्दी एलर्जी के 4 से 5 मामले आए हैं। इनमें एक मरीज को वेंटिलेटर पर रखना पड़ा था। राखी को हल्दी लगाने के बाद होंठों पर सूजन आ गई। सांस लेने में भी तकलीफ होने लगी। शादियों के सीजन में हल्दी की खपत बढ़ने से छोटे किराना व्यापारी और मिलावटखोर केमिकल युक्त हल्दी बेच रहे हैं। ग्रामीण और मध्यमवर्गीय परिवार रस्म के लिए भारी मात्रा में खुली और सस्ती हल्दी खरीदते हैं। एमजीएम मेडिकल कॉलेज के मेडिसिन विभाग के प्रोफेसर डॉ. धर्मेंद्र झंवर ने कहा कि हल्दी में मिलावट गंभीर मामला है। मरीजों को स्टेरॉयड देकर इलाज करना पड़ता है। ठीक नहीं होने पर मरीजों को वेंटिलेटर पर भी रखने की नौबत भी आ जाती है। एक्सपर्ट्स के अनुसार, मिलावटखोर हल्दी को ज्यादा चमकदार दिखाने के लिए 'मेटानिल यलो' नामक सिंथेटिक डाई का इस्तेमाल कर रहे हैं। डॉक्टरों के मुताबिक- आयुर्वेद में हल्दी को 'वरदान' माना गया है, लेकिन केमिकल मिलाने से यह 'अभिशाप' बन चुकी है। डॉक्टरों की सलाह है कि शादी जैसे आयोजनों में साबुत हल्दी खरीदकर घर पर पिसवाएं या भरोसेमंद ब्रांड का इस्तेमाल करें। पहचान के लिए एक गिलास पानी में हल्दी डालें। अगर हल्दी तुरंत गहरा रंग छोड़ने लगे और ऊपर तैरने लगे, तो वह मिलावटी है। शुद्ध हल्दी नीचे बैठ जाती है और पानी हल्का पीला रहता है। हल्दी लगाने के बाद खुजली, जलन या घबराहट महसूस हो तो तुरंत उसे धो लें और विशेषज्ञ डॉक्टर से संपर्क करें।

# इंदौर में तीन दिनों से खूब सता रही गर्मी अगले दो-तीन दिन में तापमान और बढ़ने के आसार



संयुक्त लहर, प्रतिनिधि

**इंदौर।** इंदौर में इन दिनों अभी भीषण गर्मी का दौर चल रहा है। पिछले तीन दिनों से दिन का तापमान 41 डिग्री के पार रिकॉर्ड हो रहा है। दिन में तपिश से लोग हलाकान है। रविवार को दिन के साथ रात में भी गर्मी ने खूब सताया। सोमवार सुबह से ही मौसम साफ है और धूप चढ़ने के साथ गर्मी का असर बढ़ रहा है। मौसम वैज्ञानिकों के मुताबिक आज भी तापमान 41-42 डिग्री सेल्सियस के करीब रहने का अनुमान है। अगले दो-तीन दिनों में तापमान में और बढ़ोतरी हो सकती है। शनिवार को दिन का तापमान 42.0 (+2) डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया था। रविवार को इसमें हल्का अंतर रहा और तापमान 41.9 (+2) डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। यानी दो दिनों से दिन का तापमान सामान्य से 2 डिग्री ज्यादा ही बना हुआ है। शनिवार को रात का तापमान 24.4 (+1) डिग्री सेल्सियस था जबकि रविवार रात भी काफी गर्मी रही और तापमान 24.7 (0) डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। दरअसल मई में सतही हवाएं सामान्यत: पश्चिम से ही आती हैं। कभी-कभी दोपहर में तेज हवा चलने लगती है। गर्जन के साथ हल्की बारिश से तापमान में कमी आती है जिसकी वजह से तात्कालिक राहत मिलती है। इंदौर में 10 सालों में सिर्फ 2021 में अधिकतम तापमान 40 डिग्री सेल्सियस रहा। दो बार 2016 और 2024 में तापमान 44 डिग्री सेल्सियस से ज्यादा रहा जिसने झुलसा दिया था।

# भोपाल के डेम में मिली मूकबधीर युवक की लाश : पिता बोले- हत्या कर शव फेंका गया

संयुक्त लहर, प्रतिनिधि



**इंदौर।** भोपाल के हथाईखेड़ा डेम में सोमवार सुबह एक युवक की लाश मिली। मृतक की पहचान 28 वर्षीय अमित विश्वकर्मा के रूप में हुई है। वह इंदौर में होटल में नौकरी करता था और मूकबधिर था। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। इंदौर में करता था नौकरी अमित विश्वकर्मा पिता शिवरत्न विश्वकर्मा, इंदौर के संजीव नगर का रहने वाला था। वह बचपन से बोल नहीं पाता था और इंदौर के एक होटल में काम करता था। 15 दिन पहले आया था पिता से मिलने परिजनों के अनुसार अमित करीब 15 दिन पहले पिता से मिलने आया था। इसके बाद वह वापस इंदौर लौट गया था। शनिवार को हुई थी आखिरी बार बात मृतक के पिता शिवरत्न ने बताया कि शनिवार को वीडियो कॉल पर बेटे से आखिरी बार बात हुई थी। उस दौरान वह सामान्य लग रहा था और किसी परेशानी का जिक्र नहीं किया था। भोपाल कब पहुंचा, परिजनों को जानकारी नहीं परिवार को यह जानकारी नहीं है कि अमित भोपाल कब और कैसे पहुंचा। सोमवार सुबह पुलिस ने कॉल कर शव मिलने की सूचना दी।

### पिता ने जताई हत्या की आशंका

पिता का कहना है कि अमित आत्महत्या नहीं कर सकता था। उसकी एक आंख के पास चोट का निशान है, जिससे हत्या की आशंका जताई जा रही है। परिजनों के मुताबिक शव के साथ अमित के दोनों मोबाइल फोन नहीं मिले हैं। उन्होंने मामले की गहराई से जांच की मांग की है। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# इंदौर में संत रामपाल के वीडियो प्रवचन पर बवाल

## आरोप- महिलाओं के बिंदी, मांग भरने, मंगलसूत्र, बिछिया नहीं पहनने को कह रहे थे, एफआईआर

संयुक्त लहर, प्रतिनिधि



**इंदौर।** इंदौर के बेटमा थाना क्षेत्र स्थित ग्राम खतेड़िया में संत रामपाल के वीडियो प्रवचन को लेकर विवाद हो गया। रविवार को धार्मिक परंपराओं पर की जा रही टिप्पणियों का विरोध करने पहुंचे लोगों और प्रवचन सुन रहे समूह के बीच जमकर मारपीट हुई। घटना में कई लोगों को चोटें आई हैं। पुलिस ने दोनों पक्षों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के मुताबिक फरियादी यशवंत केलवा ने शिकायत में बताया कि उसके घर के सामने अनिता बाई के मकान के पास खाली जगह पर टेंट लगाकर प्रवचन चल रहा था। वहां टीवी स्क्रीन पर संत रामपाल के प्रवचन वीडियो पर प्रसारित किए जा रहे थे। फरियादी के अनुसार प्रवचन में महिलाओं के बिंदी, मांग भरने, मंगलसूत्र और बिछिया नहीं पहनने तथा मूर्ति पूजा नहीं करने जैसी बातें कही जा रही थीं, जिससे उनकी धार्मिक भावनाएं आहत हुईं। बेटमा पुलिस ने मामले में विभिन्न धाराओं के तहत रविवार को केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि पूरे घटनाक्रम की जांच के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### विरोध करने पहुंचे लोगों पर हमला करने का आरोप

यशवंत के मुताबिक वह अपने साथी विनोद उर्फ पप्पू और गोकुल के साथ यह देखने टेंट में पहुंचे कि वहां क्या चल रहा है। आरोप है कि वहां मौजूद लोगों ने उनके पहुंचते ही गाली-गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर टेंट में मौजूद कुछ लोग लकड़ी लेकर बाहर आ गए और हमला कर दिया। शिकायत में कहा गया है कि मुकुट और मोहन ने लकड़ी से हमला कर चोट पहुंचाई। बीच-बचाव करने आए विनोद और गोकुल के साथ भी मारपीट की गई। महिलाओं के साथ भी धक्का-मुक्की और मारपीट के आरोप लगाए गए हैं।

### ग्रामीणों ने कराया बीच-बचाव

घटना के दौरान गांव के कुछ लोगों ने बीच-बचाव कर मामला शांत कराया। फरियादी ने आरोप लगाया कि जाते-जाते आरोपियों ने दोबारा प्रवचन स्थल पर आने पर जान से मारने की धमकी भी दी।

# इंदौर में 20 ग्राम एमडी ड्रग्स के साथ दो गिरफ्तार 2 लाख 10 हजार ड्रग्स की कीमत

संयुक्त लहर, प्रतिनिधि

**इंदौर।** इंदौर क्राइम ब्रांच ने 20.78 ग्राम एमडी ड्रग्स के साथ दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। जब्त ड्रग्स की कीमत अंतरराष्ट्रीय बाजार में करीब 2 लाख 10 हजार रुपए बताई जा रही है। पुलिस आरोपियों से पूछताछ कर रही है। डीसीपी क्राइम ब्रांच राजेश कुमार त्रिपाठी के मुताबिक गुटकेश्वर महादेव मंदिर वीआईपी रोड के पास एक व्यक्ति के ड्रग्स के साथ होने की सूचना मिली थी। इसके बाद टीम ने घेराबंदी कर एक कार सवार युवक को पकड़ा। कार की तलाशी में मिली एमडी ड्रग्स पकड़े गए आरोपी ने अपना नाम अकरम खान निवासी देपालपुर बताया। कार की तलाशी लेने पर हैंडब्रेक के पास प्लास्टिक में रखी 20.78 ग्राम एमडी ड्रग्स बरामद हुई। निशानदेही पर दूसरा आरोपी भी गिरफ्तार अकरम की निशानदेही पर पुलिस ने जावेद उर्फ जग्गू निवासी हातोद को भी गिरफ्तार किया।

# गर्मी में कम हो रहा तालाबों का पानी तालाबों के गहरीकरण सहित कई काम जारी, जनता से की पानी सहेजने की अपील

संयुक्त लहर, प्रतिनिधि

**इंदौर।** बढ़ती गर्मी के साथ ही शहर के तालाबों का जलस्तर कम हो रहा है। आसपास के भू-जल स्तर पर भी इसका असर दिखने को मिल रहा है। शहर में कई जगह पानी की समस्या से लोग जूझ रहे है। हालांकि नगर निगम टैंकरों से पानी की सप्लाई कर रहा है, लेकिन पानी की समस्या बनी हुई है। पानी की समस्या को देखते हुए नगर निगम शहर के तालाबों में बारिश के पहले किए जाने वाले काम कर रहा है, ताकि बारिश के पानी को ज्यादा सहेजा जा सके। इसका काम भी शुरू हो गया है।

# इंदौर में हिस्ट्रीशीटर ने चौकीदार के सिर पर तानी बंदूक

संयुक्त लहर, प्रतिनिधि



विष्णु दुबे उर्फ बमबम, आरोपी

**इंदौर।** इंदौर के ग्रामीण क्षेत्र में जमीन कब्जाने का मामला सामने आया है। देपालपुर क्षेत्र के पास ग्राम धन्नड़ में हिस्ट्रीशीटर बदमाश विष्णु दुबे उर्फ बमबम पर जमीन की चौकीदारी कर रहे युवक को बंदूक दिखाकर जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित का आरोप है कि शिकायत के तीन दिन बाद भी पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की है। पीड़ित युवराज डाबी निवासी ग्राम मोथला ने बताया कि वह पिछले चार-पांच महीनों से ग्राम धन्नड़ स्थित एक जमीन की चौकीदारी कर रहा है। उसके अनुसार इंदौर का बदमाश विष्णु दुबे उर्फ बमबम लगातार उसे जमीन छोड़ने के लिए धमका रहा था।

### चार-पांच साथियों के साथ पहुंचा आरोपी

युवराज के मुताबिक गुरुवार दोपहर करीब 2 बजे आरोपी अपने चार-पांच साथियों के साथ लाल रंग की कार में मौके पर पहुंचा। वहां गाली-गलौज करने के बाद उसने बंदूक निकालकर उसके सीने पर तान दी और धमकाते हुए कहा कि 'आज तो तुझे मार ही देता हूं।' आरोपी ने यह भी कहा कि यह जमीन वे हथिया लेंगे और बीच में आने पर जान से मार देंगे। पीड़ित ने आरोप लगाया कि आरोपी ने खुद को हत्या के मामले में आरोपी बताते हुए कहा कि 'मुझ पर 302 लग चुकी है, पुलिस और जेल से मुझे कोई फर्क नहीं पड़ता।' युवराज का कहना है कि आरोपी ने दोबारा जमीन पर दिखाई देने पर जान से मारने की धमकी दी पीड़ित ने यह भी आरोप लगाया कि जितेंद्र सेन उर्फ पटेल ने जमीन कब्जाने के लिए विष्णु बमबम को सुपारी दी है। युवराज के अनुसार संबंधित जमीन पर गौरव माहेश्वरी का कब्जा है। आरोप है कि बदमाशों ने मौके पर लगी फेंसिंग उखाड़ दी और चौकीदार के कमरे में तोड़फोड़ भी की। देपालपुर थाना प्रभारी रणजीत सिंह बघेल का कहना है कि युवक को धमकाने की शिकायत मिली है, लेकिन घटना थाना क्षेत्र की नहीं बताई जा रही है। इसके बावजूद वरिष्ठ अधिकारियों को मामले की जानकारी दे दी गई है। वहीं एएसपी ग्रामीण रुपेश द्विवेदी ने कहा कि उन्हें इस मामले की जानकारी नहीं थी।

### इंदौर में बाइक नहीं रोकी तो लाठी से पीटा

**इंदौर।** इंदौर के सिमरोल थाना क्षेत्र में शुक्रवार देर रात बाइक से घर लौट रहे एक युवक पर तीन बदमाशों ने जानलेवा हमला कर दिया। बदमाशों ने पहले उसे रोकने की कोशिश की, लेकिन बाइक नहीं रोकने पर चलती गाड़ी पर लाठी से हमला कर दिया। युवक खेत में गिर पड़ा, जिसके बाद आरोपियों ने उसके साथ मारपीट की, मोबाइल और बाइक लूट ली। सिमरोल पुलिस के मुताबिक फरियादी संजय यादव निवासी गिरीराज वैली कॉलोनी, पिपल्यालोहार ने शिकायत दर्ज कराई है। संजय ने बताया कि प्याज गोदाम के पास एक युवक ने हाथ देकर उसे रोकने की कोशिश की। शक होने पर उसने बाइक की स्पीड बढ़ा दी। कुछ दूरी आगे बढ़ते ही दो अन्य बदमाश दौड़ते हुए आए और लाठी से हमला कर दिया। हमले में संजय खेत में जा गिरा। इसके बाद बदमाशों ने उसके सिर पर डंडों से वार किए और मोबाइल व बाइक लूटकर फरार हो गए। जाते-जाते आरोपी उसे पास के एक कुएं में फेंक गए। संजय ने बताया कि कुआं करीब 30 फीट गहरा था और उसमें लगभग 5 फीट पानी भरा था।

# इंदौर में लेडी कॉन्स्टेबल से कहा- सिंगल हो, साथ चलोगी

## मनचले आईटी इंजीनियर ने रात में पीछा किया; गिरफ्तार किया तो माफी मांगता रहा

संयुक्त लहर, प्रतिनिधि



सर्वेश साहू, आरोपी

**इंदौर।** इंदौर में रात को सड़कों पर घूम रही लेडी कॉन्स्टेबल से एक मनचले ने छेड़छाड़ कर दी। पैदल जा रही कॉन्स्टेबल के पास एक्टिवा सवार युवक आया और बोला- सिंगल हो क्या, साथ चलोगी दरअसल, इंदौर में महिला अपराधों की रोकथाम के लिए पुलिस अभियान चला रही है। इसी क्रम में मनचलों को पकड़ने के लिए पुलिस ने विजय नगर इलाके में स्टिंग ऑपरेशन चलाया। इसके तहत रविवार देर रात 12 बजे से लेकर 1 बजे तक दो महिला पुलिसकर्मियों को मेघदूत गार्डन के बाहर घूमने के लिए भेजा गया था। जिन्होंने टीम के साथ मिलकर एक मनचले को रंगे हाथ पकड़ा।

### कार में मौजूद थी पुलिस की टीम

एसीपी पराग सैनी ने बताया कि स्टिंग ऑपरेशन के दौरान कार सवार एक टीम लेडी कॉन्स्टेबल के आसपास मौजूद थी। कैमरे के जरिए पूरी गतिविधियों पर नजर रखी गई। आरोपी की हरकत सामने आते ही उसे गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस की गिरफ्त में आते ही वह अपनी हरकत के लिए माफी मांगने लगा।

### आईटी कंपनी में काम करता है आरोपी

कॉन्स्टेबल से छेड़छाड़ करने वाले आरोपी की पहचान 27 वर्षीय सर्वेश साहू के रूप में हुई है। सागर का रहने वाला सर्वेश इंदौर की एक आईटी कंपनी में सॉफ्टवेयर इंजीनियर है। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि वह अक्सर अकेली महिलाओं को देखकर उनसे छेड़छाड़ करता था।

### महिला अपराधों में एमपी देशभर में पांचवां

बता दें कि नेशनल क्राइम रिकॉर्ड ब्यूरो 'क्राइम इन इंडिया 2024' रिपोर्ट में एमपी की स्थिति चिंताजनक बताई गई है। मध्य प्रदेश महिला अपराध में लगातार चौथे साल पांचवें स्थान पर रहा है। यहां महिलाओं से जुड़े 32,832 मामले दर्ज हुए। 2022 में 32,765 केस दर्ज किए गए थे, जो 2023 में घटकर 32,342 हुए। 2024 में राज्य में हर दिन औसतन 90 से ज्यादा महिलाओं से जुड़े अपराध दर्ज हुए। रिपोर्ट के मुताबिक, 2024 में प्रदेश में दहेज हत्या के 450 मामले दर्ज हुए। इनमें 232 मामले और 218 मामले क्व्हस् की धाराओं के तहत दर्ज किए गए। दहेज हत्या के मामलों में एमपी तीसरे स्थान पर रहा। 2038 मामलों के साथ उत्तर प्रदेश पहले और बिहार दूसरे स्थान पर रहा। रिपोर्ट में कहा गया है कि हर तीन घंटे में एमपी में एक रेप का केस दर्ज हो रहा है। इसके अलावा हर दिन करीब 32 अपहरण हो रहे हैं। दहेज हत्या और बच्चों के खिलाफ अपराध के मामलों में भी प्रदेश टॉप-3 राज्यों में शामिल है। अपहरण के मामलों में एमपी चौथे स्थान पर रहा। यह रिपोर्ट 6 मई को जारी की। इसमें 2024 में देशभर में हुए अपराधों के आंकड़े दिए गए हैं। यह रिपोर्ट सितंबर 2025 में आनी चाहिए थी, लेकिन इस बार मई 2026 में जारी की गई। रिपोर्ट में देरी की वजह आपराधिक आंकड़ों के सत्यापन और डेटा मिलान को बताया गया है।

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक सुनील कुमार यादव के लिए पंकज प्रिंटर एंड पैकेजिंग, 16-ए अल्फा इंडस्ट्रियल पार्क, ग्राम जाख्या, सांवेर रोड, इंदौर (म.प्र.) पिन-453555 - बी, सूर्यदेव नगर इंदौर कैट रोड हवा बंगला से प्रकाशित। प्रबंध सम्पादक : सुनील कुमार यादव (9630413449)
सम्पादक : भारत प्रसाद यादव, Email : dainiksanyuktlaher@gmail.com समाचार चयन के लिए पीआर एक्ट के तहत जिम्मेदार। (सभी विवादों का न्याय क्षेत्र इन्दौर रहेगा ) RNI No. MPHIN/2023/90392